दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

• नई दिल्ली। शनिवार 06 सितंबर-2025 • वर्ष : 10 अंक : 257 पेज-08 • RNI NO. DELHIN/2015/65364 • मूल्य : ₹3


शिक्षक दिवस पर योगी सरकार ने दिया अध्यापकों को तोहफा

## अब टीचर्स को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा, शिक्षामित्र भी होंगे शामिल

### नौ लाख शिक्षकों और उनके परिवारों को मिलेगा सीधा फायदा



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लोकभवन में शाम 4.00 बजे से शुरू हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषदीय विद्यालयों के 66 व माध्यमिक शिक्षा विभाग के 15 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मॉनिटरिंग के लिए टैबलेट, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए प्रधानाचार्यों को टैबलेट व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा ने बाल वाटिका का एक नया रूप लाया है। इस सत्र में पांच हजार से अधिक बाल वाटिकाएं शुरू हो चुकी हैं। यहां पढ़ने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री पोषण से जोड़ने जा रहे हैं। बच्चा स्वस्थ होगा तो देश का भविष्य भी सुधरेगा। देश के अंदर सबसे ज्यादा प्रगति यूपी की बेसिक शिक्षा ने किया है। ये अलग-अलग संस्थाओं के सर्वे में साबित हो चुका है। 60 लाख से अधिक बच्चे यूपी के परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं।

**पुस्तकों में पात्रों के चयन का रखें ध्यान :** सीएम ने कहा कि एससीईआरटी से कहना चाहूंगा कि पुस्तकों में पात्रों का चयन जब भी करें, तो ध्यान रखें कि वह पात्र भारतीय हों।






## 3.30 सेकंड में घटनास्थल पर पहुंचकर यूपी में रिस्पांस टाइम में फर्स्ट आई पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

### बीते 8 महीने में अपने ही टाइम को पीछे छोड़ रही है पुलिस






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद बनने के बाद पुलिस रिस्पांस टाइम के मामले में लगातार अव्वल बन रही है। अगस्त माह की जिला रिस्पांस टाइम समीक्षा में प्रदेश में अव्वल रही है।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने अगस्त माह में 3 मिनट और 30 सेकंड में घटनास्थल पर पहुंचे कर रिस्पांस टाइम के मामले में नंबर एक रैंक हासिल की है।

तो साथ ही जुलाई माह के रिस्पांस टाइम को भी पीछे छोड़ दिया है। बता दें कि बीते लगभग तीन सालों से गाजियाबाद पुलिस रिस्पांस टाइम के मामले में टॉप 10 तो कभी नंबर वन पर चल रही है। वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने पुलिसकर्मियों और यूपी- 112 से जुड़े कर्मचारियों को और मेहनत, गंभीरता के साथ पुलिसिंग करने का निर्देश दिया है।

**क्या होता है रिस्पांस टाइम**

**करंट क्राइम :** यूपी पुलिस 112 के कंट्रोल रूम में जैसे ही कोई सूचना जाती है। उसे तत्काल वहां से वह सूचना टेलीफोन के माध्यम से पुलिस की पीआरवी को मिलती है। पीआरवी जितने कम समय में मौके पर पहुंचती है, घटना को अटेंड करती है, उसे रिस्पांस टाइम कहा जाता है। बता दें कि बीते लगभग 8 महीने से गाजियाबाद पुलिस वर्ष 2025 में नंबर वन की रैंक पर चल रही है। जनवरी में जहां यह टाइम 3.32 दर्ज किया गया था, तो वहीं अगस्त माह में यह टाइम 3.30 पहुंच गया है।

**बीते 8 महीनों से लगातार अपने ही समय को ब्रेक कर रही है कमिश्नरेट पुलिस**

करंट क्राइम : बीते 8 महीनों से लगातार गाजियाबाद पुलिस अपने ही रिस्पांस टाइम को ब्रेक कर रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जनवरी में यह समय 3.32 सेकंड, फरवरी में 3.8 सेकंड, मार्च में 3.18, अप्रैल में 3.31, मई में 3.34, जून में 3.41, जुलाई में 3.39 और अगस्त माह में 3.30 दर्ज किया गया है, जो रैंकिंग के हिसाब से नंबर वन पर बना हुआ है।

**नोएडा पुलिस भी लगातार बनी हुई है टॉप**

करंट क्राइम : गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट भी लगातार रैंकिंग के मामले में अव्वल चल रही है। इस बार नोएडा पुलिस ने पूरे प्रदेश में 3.33 सेकंड के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। तो लगातार रिस्पांस टाइम के मामले में नोएडा पुलिस भी बेहतर रिकॉर्ड बना रही है।

## गाजियाबाद में बाढ़ राहत कार्य तेज

### प्रभावितों को भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधा कराई जा रही है उपलब्ध









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी के कारण गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के लिए व्यापक राहत व्यवस्था शुरू की है। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सौरभ भट्ट ने बताया कि बदरपुर, मीरपुर हिन्दू, पचायरा, इलायचीपुर, लुत्फुल्लापुर नवादा और अल्लीपुर जैसे प्रभावित गांवों में लगभग 250 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। सभी को दिन में तीन बार भोजन के पैकेट, शुद्ध पेयजल और बच्चों व बुजुर्गों के लिए दूध उपलब्ध कराया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने राहत शिविरों के पास चिकित्सा कैम्प स्थापित किया है, जहाँ क्लोरीन, जिंक, पैरासिटामोल और ओआरएस पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस मौके पर मौजूद है। प्रभावित परिवारों के मवेशियों के लिए भी पर्याप्त चारे की व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान एडीएम सौरभ भट्ट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट लोनी दीपक सिंघनवाल और तहसीलदार लोनी डॉ. अरुण कुमार अग्रवाल ने शिविरों का दौरा किया और प्रभावितों से बातचीत की। प्रशासन के मुताबिक, यमुना का जलस्तर घटकर 211.40 मीटर पर आ गया है और हालात नियंत्रण में हैं।

**मुख्य बिंदु**



- लोनी क्षेत्र के 6 गांव बाढ़ से प्रभावित : बदरपुर, मीरपुर हिन्दू, पचायरा, इलायचीपुर, लुत्फुल्लापुर नवादा, अल्लीपुर।
- लगभग 250 लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाए गए।
- प्रभावितों को दिन में 3 बार भोजन पैकेट व शुद्ध पेयजल उपलब्ध।
- बच्चों व बुजुर्गों के लिए दूध की विशेष व्यवस्था।
- राहत शिविरों के पास चिकित्सा कैम्प स्थापित, दवाइयाँ व ओआरएस पैकेट वितरित।
- एम्बुलेंस मौके पर तैनात, मवेशियों के लिए पर्याप्त चारा।
- यमुना का जलस्तर घटकर 211.40 मीटर, स्थिति नियंत्रण में।

## ओपी राजभर के बयान से बवाल

### एबीवीपी और भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जताई आपत्ति

– लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने आगे आरोप लगाया कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं की आवाज दबाने का प्रयास कुछ समाजवादी मानसिकता वाले अधिकारियों ने किया है, जिससे सरकार की छवि धूमिल करने की कोशिश हुई है।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बयान से नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने हाल ही में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकताओं को लेकर टिप्पणी की थी, जिस पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए राजभर को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की है।

अब गाजियाबाद लोनी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी इस विवाद में कूद गए हैं। नंद किशोर गुर्जर ने ओपी राजभर को पत्र लिखकर तुरंत माफी मांगने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सरकार में वरिष्ठ मंत्री होने के बावजूद एबीवीपी जैसे राष्ट्रीय संगठन को गुंडा कहना न केवल आपत्तिजनक है बल्कि देश की युवा शक्ति का अपमान भी है।

विधायक लोनी ने कहा कि एबीवीपी हमेशा छात्रहित और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर संवैधानिक दायरे में रहकर संघर्ष करती आई है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में एलएलबी कोर्स की

शेष, पृष्ठ 6

## 7 सितंबर को चंद्रग्रहण पर सिद्धपीठ दूधेश्वरनाथ मंदिर के कपाट रहेंगे बंद

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर के कपाट आगामी रविवार 7 सितंबर को चंद्रग्रहण के कारण बंद रहेंगे। मंदिर के पीठाधीश्वर एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष, जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि चंद्रग्रहण भारत में दिखाई देगा। मंदिर के कपाट रविवार को दोपहर 12 बजे आरती और भोग के बाद बंद हो जाएंगे और सोमवार 8 सितंबर प्रातः 4 बजे आरती के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए पुनः खोल दिए जाएंगे।



महंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि रविवार को चंद्रग्रहण रात्रि 9:58 बजे से प्रारंभ होकर रात 1:26 बजे तक चलेगा। चंद्रग्रहण का सूतक दोपहर 12:56 बजे से लग जाएगा। ग्रहणकाल में मंदिर के साधु-संत, आचार्य और वेद विद्या संस्थान के विद्यार्थी 12 घंटे अखंड जाप करेंगे। इस दौरान पूजा-पाठ निषिद्ध रहेगा और केवल इष्टदेव का जाप ही करने की परंपरा है। महंतजी ने कहा कि ग्रहण के समय वातावरण दूषित हो जाता है, जिसे दूर करने के लिए कुशा का प्रयोग किया जाता है।

ग्रहण समाप्ति के बाद मंदिर की शुद्धि, देवी-देवताओं के वस्त्र परिवर्तन, आरती एवं भोग के उपरांत कपाट भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे।

## महर्षि दयानंद विद्यापीठ की शिक्षिका कोमल त्यागी को मुख्यमंत्री शिक्षक सम्मान

**विद्यालय की इस उपलब्धि ने गाजियाबाद को किया गौरवान्वित**

**लखनऊ, करंट क्राइम।** गाजियाबाद जिले का नाम एक बार फिर शिक्षा जगत में रोशन हुआ है। महर्षि दयानंद विद्यापीठ की समर्पित शिक्षिका कोमल त्यागी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। राजधानी लखनऊ में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में उन्हें यह सम्मान उनके उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों के लिए दिया गया।



विद्यालय की इस उपलब्धि ने गाजियाबाद को गौरवान्वित किया है। संस्था की सफलता के पीछे विद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का निरंतर मार्गदर्शन, शिक्षा के प्रति उनका गहरा समर्पण और वर्षों से किए गए अथक प्रयास हैं। उनकी सोच और संघर्षों ने ही इस विद्यालय को शिक्षा की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

विद्यालय परिवार का मानना है कि यह सम्मान केवल कोमल त्यागी की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय की शिक्षा-परंपरा और संस्थापक की दूरदृष्टि का परिणाम है।

## आज दो पारी में होगी पेट-2025 परीक्षा

### 51 सेंटरों पर तैनात रहेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट

**- परीक्षा केंद्रों पर रहेगी प्रमुख सुविधाएं और पुलिस ने बनाया है सुरक्षा का पूरा प्लान**

**-फोटो स्टेट मशीनें नहीं होंगी चालू**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पेट-2025 गाजियाबाद के 51 सेंटरों पर दो पारियों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 51 सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं।

पहली पारी में परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पारी में तीन से पांच बजे तक रहेगा। परीक्षा के दौरान दो पारियों में लगभग 50 हजार से अधिक परीक्षार्थी पहले दिन यानी 6 सितंबर दिन शनिवार को और 7 सितंबर रविवार को भी इतने ही परीक्षार्थी भाग लेंगे। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा है कि शासन स्तर पर जारी किए गए सभी दिशा-निर्देश, शांतिपूर्वक व्यवस्थित परीक्षा कराने के लिए लगाए जा रहे हैं।

**परीक्षा केंद्र में रहेंगी प्रमुख सुविधाएं**



करंट क्राइम : जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद में 51 सेंटरों में दो पारियों में शनिवार को परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्र पर पानी, टॉयलेट, हवा, रोशनी आदि सुविधा का ध्यान रखा गया है। सभी अधिकारियों को परीक्षा नलवहीन और शांतिपूर्वक कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान बारिश के मौसम का ध्यान रखा गया है की परीक्षा प्रभावित नहीं हो। साथ ही वर्षा होने पर समस्या ना हो ।वहीं विद्युत विभाग को भी निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं।

**एडिशनल सीपी ने ली परीक्षा को लेकर मीटिंग**



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शांतिपूर्ण नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर शुक्रवार को पुलिस लाइन में एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी द्वारा पुलिस के गजेटेड अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ मीटिंग ली गई। इसमें निर्देश दिया गया है कि सभी जगह पुलिस तैनात की जाए। प्रत्येक परीक्षार्थी की चेकिंग हो, कोई भी मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या किसी भी परीक्षा केंद्र के आसपास कोई फोटो स्टेट या अन्य दुकान ना खुले।

## गाजियाबाद में ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू

### 7 सितंबर तक कई मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बंद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणेश महोत्सव के बाद प्रतिमाओं के विसर्जन को देखते ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह प्लान आज यानि 5 सितंबर से 7 सितंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान मुरादनगर गंगनहर की ओर भारी वाहन व बसें का आवागमन बंद रहेगा। साथ ही तुलसी निकेतन, भोपुरा और सीमापुरी अप्सरा बॉर्डर से भी भारी वाहन और बसें गाजियाबाद की ओर नहीं जा सकेंगी। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया कि गंगनहर, हिंडन घाट और ट्रॉनिका सिटी के यमुना पुश्ते पर काफी संख्या में श्रद्धालु विसर्जन के लिए आते हैं। पांच से सात सितंबर तक मूर्ति विसर्जन होना है। श्रद्धालुओं व अन्य लोगों को जाम का सामना न करना पड़े, इसलिए रूट डायवर्जन प्लान बना है।



**कैसा रहेगा डायवर्जन**

**करंट क्राइम।** सभी प्रकार के मालवाहक वाहन और बसों का आवागमन एनएच- 58 मेरठ रोड से होकर मोदीनगर, मुरादनगर गंगनहर होते हुए मेरठ की ओर प्रतिबंधित रहेगा। ये वाहन दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और हापुड़ होते हुए एनएच-9 से जा सकेंगे। मोदीनगर की ओर से सभी प्रकार के मालवाहक वाहन और बसे गंगनहर मुरादनगर की ओर नही जा सकेंगे। वाहन राज चौपला से हापुड़ मार्ग होते हुए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और हापुड़ होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। मालवाहक वाहन और बसे मुरादनगर गंगनहर की ओर नहीं जा सकेंगे। वाहन एएलटी से हापुड़ चुंगी, आत्माराम स्टील होते हुए एनएच-नौ का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

मेरठ के जानी, नानू गंगनहर से मुरादनगर गंगनहर की ओर सभी प्रकार के मालवाहक वाहन और बसों का आवागमन बंद रहेगा। एएलटी की ओर से सभी प्रकार पाइपलाइन मार्ग पर टीलामोड़ से मालवाहक वाहन और बसों का आवागमन मुरादनगर गंगनहर की ओर प्रतिबंधित रहेगा। वाहन लोनी तिराहा से ईस्टर्न पेरिफेरल होते हुए डासना पेरिफेरल पर उतरकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। दुहाई पेरिफेरल उतार से सभी प्रकार के मालवाहक वाहन और बसो का आवागमन मुरादनगर गंगनहर की ओर प्रतिबंधित रहेगा।

# भाखड़ा बांध खतरे के निशान से महज एक फुट नीचे





## पूरे पंजाब में खतरे की घंटी

**नई दिल्ली।** भाखड़ा बांध का जलस्तर 1678.97 फीट तक पहुँच गया है, जो इसके खतरे के निशान 1680 फीट से बमुश्किल एक फीट कम है, जिससे पूरे पंजाब में खतरे की घंटी बजने लगी है। पौंग बांध भी अपने खतरे के निशान 1390 फीट से ऊपर 1394.51 फीट पर पहुँच गया है, जिससे निचले इलाकों के जिलों में और बाढ़ आने की आशंका बढ़ गई है।

पिछले साल की तुलना में–इस दिन भाखड़ा 1641.05 फीट और पौंग 1361.95 फीट–यह उछाल बहुत ज्यादा है। फिरोजपुर और फाजिल्का में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है, जो पहले ही 25 दिनों से ज्यादा समय से बाढ़ से जूझ रहे हैं।

फिरोजपुर के एक निवासी, जो पिछले एक सप्ताह से अपने घर की पहली मंजिल तक ही सीमित हैं, ने कहा, अगर हम जल स्तर को देखें तो खतरा अभी खत्म नहीं हुआ है, बल्कि बढ़ गया है। तरनतारन के हरिके हेडवर्क्स पर, जहाँ सतलुज और ब्यास का पानी मिलता है, गुरुवार सुबह पानी का बहाव 3.47 लाख क्यूसेक ऊपर और 3.3 लाख क्यूसेक नीचे पहुँच गया–जो उच्च बाढ़ की 3 लाख क्यूसेक सीमा से काफी ऊपर है। हुसैनीवाला हेडवर्क्स पर भी, ऊपर और नीचे दोनों तरफ पानी का बहाव 3.3 लाख क्यूसेक रहा, जिससे यह क्षेत्र उच्च बाढ़ की चेतावनी के दायरे में रहा।

**भाखड़ा बांध का जलस्तर 1678.97 फीट तक पहुँचा**

जल निकासी विभाग की गुरुवार सुबह की रिपोर्ट ने जलस्तर में वृद्धि की भयावहता को रेखांकित किया। भाखड़ा में 95,435 क्यूसेक पानी का अंतर्वाह और 73,459 क्यूसेक पानी का बहिर्वाह दर्ज किया गया, जबकि पिछले साल यह क्रमशः केवल 35,765 और 21,682 क्यूसेक था। पौंग में अंतर्वाह 1,32,595 क्यूसेक और बहिर्वाह 91,167 क्यूसेक तक पहुँच गया - जो एक साल पहले दर्ज किए गए 30,519 और 16,005 क्यूसेक से काफी ज्यादा है। फिरोजपुर की उपायुक्त दीपशिखा शर्मा ने बढ़ते संकट को स्वीकार करते हुए कहा, हम पिछले 15 दिनों से 2.5 लीटर से ज्यादा पानी की चपेट में हैं, और यह हर दिन बढ़ रहा है। हम सतलुज और व्यास, दोनों नदियों के पानी को मिला कर झेल रहे हैं। हमारी टीमें चौबीसों घंटे कड़ी मेहनत कर रही हैं, ग्रामीणों को बचा रही हैं और राहत पहुँचा रही हैं, शर्मा ने कहा।

## मौसमः जम्मू-हिमाचल में भूस्खलन, कश्मीर से कटा संपर्क, पंजाब में बाढ़ की स्थिति गंभीर




कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश का अधिकांश हिस्सा बाढ़-बारिश से त्राहिमाम कर रहा है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में भूस्खलन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य अभी लापता हैं। जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले में भूस्खलन की घटना में पांच लोग घायल हो गए।

**भूस्खलन से यातायात बाधित :** वहीं, अरुणाचल प्रदेश में भी पांच जगहों पर भूस्खलन के कारण यातायात बुरी तरह बाधित हो गया। कुल्लू जिला मुख्यालय में गुरुवार सुबह करीब 7 :30 बजे इनर अखाड़ा बाजार में दो घर मठ क्षेत्र में भूस्खलन की चपेट में आ गए। मलबे में दबे 10 लोगों में से तीन को बचा लिया गया। लेकिन एक की मौत हो गई और एक महिला समेत छह लोग अभी लापता है। एक दिन पहले भी यहां हुए भूस्खलन के बाद से दो लोग लापता हैं।

**किश्तवाड़ में भूस्खलन :** उधर, किश्तवाड़ में रटले जल विद्युत परियोजना स्थल द्राबशाल्ला में भूस्खलन के कारण पांच लोग मलबे में दब गए। नागरिक प्रशासन, पुलिस और रेड क्रॉस टीम ने तत्काल बचाव अभियान चलाकर उन्हें बचा लिया। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तरांखड, राजस्थान से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक हर जगह हालात बिगड़े हुए हैं। नदियां रौद्र रूप दिखा रही हैं और जगह-जगह जमीन धसकने जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

**अमृतसर और गुरदासपुर में कृषि मंत्री का दौरा :** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को हालात का जायजा लेने अमृतसर और गुरदासपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब में हालात एकदम जल प्रलय जैसे हैं। संकट की इस घड़ी में केंद्र राज्य के साथ खड़ा है।

# जम्मू-श्रीनगर हाइवे 10वें दिन भी बंद

## जम्मू-राजौरी-पुंछ राजमार्ग सहित अन्य मार्गों पर यातायात बहाल



**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। भूस्खलन और बारिश के कई जगहों पर सड़के क्षतिग्रस्त हो गए है। कुछ को बहाल कर दिया गया है, लेकिन सड़कें अभी बंद है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच44) लगातार 10वें दिन शुक्रवार को भी बंद रहा। यातायात ठप रहने से लोगों काफि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई भूस्खलनों और कुछ स्थानों पर सड़कों के बह जाने के कारण शुक्रवार को लगातार 10वें दिन भी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहा।

**यातायात ठप रहने से लोगों को हो रही काफी परेशानी**

हालांकि, जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले को कश्मीर के शोपियां जिले से जोड़ने वाले अंतर-क्षेत्रीय मुगल रोड को तीन दिनों तक बंद रहने के बाद वाहनों के आवागमन के लिए फिर से खोल दिया गया है। एक यातायात पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि, ह्यकई स्थानों पर भूस्खलन, मिट्टी धंसने और पत्थर गिरने के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग और सिंथन रोड वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिए गए हैं।ह्व मूसलाधार बारिश, अचानक बाढ़ और भूस्खलन के बाद 26 अगस्त से कई अवरोधों के कारण राजमार्ग बंद था, लेकिन 30 अगस्त को कुछ घंटों के लिए यातायात के लिए नेशनल हाईवे को फिर से खोल दिया गया था। कुल मिलाकर राजमार्ग दस दिनों से बंद है।

**मुगल रोड पर यातायात बहाल :** कश्मीर जाने वाले राजमार्गों और अन्य अंतर-क्षेत्रीय सड़कों के बंद होने के कारण कठुआ से कश्मीर तक विभिन्न स्थानों पर 3,700 से अधिक वाहन फंस गए हैं। यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार दिनों से बंद मुगल रोड को यातायात के लिए पुनः खोल दिया गया है, और हल्के वाहनों (एलएमवी) सहित यात्री और निजी कारों को मुगल रोड पर दोनों ओर से जम्मू से श्रीनगर की ओर तथा पुंछ के रास्ते श्रीनगर की ओर जाने की अनुमति दे दी गई है।

**इन राजमार्ग को भी यातायात बहाल :** यातायात पुलिस अधिकारी का कहना है कि, इसके अलावा, तीन दिनों से बंद जम्मू-राजौरी-पुंछ राजमार्ग सहित महत्वपूर्ण राजमार्गों को भी भूस्खलन के बाद यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है।

# बिहार को बड़ा तोहफा... दिवाली-छठ से पहले चलेगी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन



**पटना।** काफी समय से वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने का इंतजार किया जा रहा था, लेकिन अब ये इंतजार खत्म होने वाला है। देश की पहली वंदे भारत ट्रेन दिवाली और छठ पूजा से पहले चलाने की तैयारी चल रही है। भारतीय रेलवे इसी महीने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चला सकता है।

आराम, गति और नई टेक्नोलॉजी के साथ वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लंबी और मध्यम दूरी की यात्राओं के लिए डिजाइन किया गया है। यह नई ट्रेन देश में रेल यात्रा को और भी बेहतर बनाएगी।

**वंदे भारत स्लीपर लॉन्च डेट :** पिछले महीने, गुजरात के भावनगर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऐलान किया था कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जल्द ही शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर सितंबर में आ रही है। हालांकि अभी तक इसकी तारीख की अधिकारिक घोषणा नहीं की गई है और कंफर्म भी नहीं है कि ये कब से शुरू होगी।

**वंदे भारत स्लीपर ट्रेन स्टेटस :** 25 जुलाई, 2025 को राज्यसभा में लिखित जवाब में रेल मंत्री ने बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पहला रैक चालू होने वाला है। मंत्री ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट का पहला प्रोटोटाइप पहले ही तैयार हो चुका है। स्लीपर वंदे भारत को लेकर कई टेस्टिंग की गई है और तमाम परिक्षणों के बाद इसे लॉन्च करने की तैयारी चल रही है।

**वंदे भारत स्लीपर ट्रेन रूट :** भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का रूट अभी तय नहीं हुआ है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का रूट दिल्ली से पटना और दरभंगा या सीतामढ़ी के बीच हो सकती है। त्योहारों के मौसम से पहले दिवाली और छठ पूजा से पहले इसकी शुरूआत होगी।

**वंदे भारत स्लीपर ट्रेन टिकट प्राइस :** अभी टिकट का प्राइस तय नहीं किया गया है। सूत्रों का कहना है कि जब रेलवे बोर्ड की तरफ से ट्रेन के रूट को कंफर्म कर दिया जाएगा तो फिर अंतिम टिकट की कीमत भी समय पर बताई जाएगी।

**कितनी होगी स्पीड :** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे की गति से चलने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें सुविधाओं की बात करें तो चार्जिंग सुविधा के साथ एक रीडिंग लाइट, आंतरिक डिस्प्ले पैनल और सुरक्षा कैमरे, मॉड्यूलर पैंट्री, और दिव्यांग यात्रियों के लिए स्पेशल बर्थ और शौचालय हैं। इसके अलावा, फर्स्ट कैटेगरी अउ कोच में गर्म पानी के साथ शॉवर की सुविधा भी है, जो यात्रियों के आराम को और बढ़ा देती है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 45 शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** हर साल 5 सितंबर को जब पूरा देश शिक्षक दिवस के जश्न में डूबा होता है, तो सबकी निगाहें एक बेहद खास मौके पर टिकी होती हैं- 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' समारोह पर।

ये वो सम्मान है जो उन टीचर्स को दिए जाते हैं, जिन्होंने सिर्फ बच्चों को किताबी ज्ञान नहीं दिया, बल्कि उनके जीवन को संवारा है, उन्हें सही रास्ता दिखाया है और शिक्षा के क्षेत्र में कुछ ऐसा किया है, जो काबिले तारीफ है।

इस साल भी, शिक्षक दिवस 2025 के अवसर पर, हमारे देश की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ऐसे ही 45 बेहतरीन और समर्पित शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया।

बता दें कि ये सिर्फ एक पुरस्कार नहीं, बल्कि पूरे समाज की तरफ से उन टीचर्स को 'थैंक यू' कहने का एक तरीका है, जो बिना किसी दिखावे के अपना पूरा जीवन बच्चों के भविष्य को बनाने में लगा देते हैं।

# 'सुनो, मैं उप मुख्यमंत्री बोल रहा हूं और आपको आदेश दे रहा हूं...' अजित पवार का आईपीएस को फटकार लगाते हुए वीडियो वायरल



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो है, जिसमें वह भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की एक महिला अधिकारी के साथ बहस करते देखे जा सकते हैं। अधिकारी सोलापुर में मिट्टी की अवैध खुदाई के खिलाफ कार्रवाई कर रही थीं।

वीडियो करीब दो मिनट का है। इसमें अजित पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के एक कार्यकर्ता के फोन पर उप मंडलीय पुलिस अधिकारी अंजना कृष्णा से बातचीत करते हुए सुना जा सकता है। यह बातचीत 31 अगस्त की बताई जा रही है। पवार फोन पर अंजना से कहते हैं- सुनो, मैं उप मुख्यमंत्री बोल रहा हूं और आपको आदेश दे रहा हूं कि उसे रोको। अंजना कृष्णा सोलापुर के कुरुडू गांव में सड़क निर्माण के लिए मिट्टी की अवैध खुदाई के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई करने गई थीं। हमने इस वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है।

अंजना कृष्णा केरल की रहने वाली हैं और हाल ही में महाराष्ट्र में तैनात हुई हैं। वह अजित पवार की आवाज पहचान नहीं पातीं और उनसे अपने मोबाइल पर वीडियो कॉल करने को कहती हैं। अजित पवार फिर उनसे कहते हैं, मैं तेरे ऊपर कार्रवाई कर लूंगा। अंजना को खेत में राकांपा के कुछ कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा देखा जा सकता है। पवार आगे कहते हैं, तुझे मुझे देखना है न? नंबर दे दो या व्हाट्सएप कॉल करो। मेरा चेहरा तो आपको समझ में आएगा न? फिर वह अधिकारी से सवाल करते हैं, आपकी इतनी हिम्मत कैसे हुई?

इसके बाद उप मुख्यमंत्री उन्हें वीडियो कॉल करते हैं और कथित तौर पर कार्रवाई रोकने को कहते हैं। राकांपा सांसद सुनील तटकरे ने कहा कि यह वीडियो जानबूझकर लीक किया गया है।

उन्होंने दावा किया कि अजित पवार का उद्देश्य पूरी तरह कार्रवाई रोकना नहीं था, बल्कि वह पार्टी कार्यकताओं को शांत करने के लिए अधिकारी को फटकार लगा रहे थे। तटकरे ने कहा कि अजित पवार सीधे बोलने के लिए जाने जाते हैं और वे किसी भी अवैध गतिविधि का समर्थन नहीं करते। उन्होंने कहा कि शायद उनका मकसद स्थिति को शांत करने के लिए कार्रवाई को अस्थायी रूप से रोकना था।

# बच्चों की न छूटे पढ़ाई ... रोजाना तय करते हैं 150 किलोमीटर का सफर, अब मिला राष्ट्रपति पुरस्कार



**नई दिल्ली।** असम के दूरस्थ इलाकों के बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए एक शिक्षक ने अपनी जिंदगी को दांव पर लगा दिया। ये कहानी डिब्रुगढ़ निवासी देबजीत घोष की है। देबजीत अपनी जान जोखिम में डालकर भी रोज लगभग 150 किलोमीटर का सफर तय करते हैं, ताकि बच्चों को पढ़ा सकें। उनकी इसी लगन और मेहनत के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें 5 सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया है। यह सम्मान पाने वाले 45 शिक्षकों में से वह एक थे।

**डरा देने वाला रास्ता और जज्बा :** 34 साल के देबजीत घोष का रोज का सफर किसी चुनौती से कम नहीं है। वह सुबह-सुबह अपने घर से निकलते हैं और लगभग 150 किलोमीटर का सफर तय करते हैं, जिसमें से ज्यादातर रास्ता देहिंग पटकाई नेशनल पार्क से होकर गुजरता है। इस रास्ते में कभी भी हाथी आ जाते हैं और बारिश होने पर सड़कें कीचड़ में बदल जाती हैं, जिससे रास्ता और भी मुश्किल हो जाता है, लेकिन इन सब मुश्किलों के बावजूद उनका हौसला कम नहीं होता।

देबजीत घोष के मुताबिक, वो जानते हैं कि अगर वह यहां नहीं रहे तो नामसांग चाय बागान मॉडल स्कूल में विकास का काम नहीं हो पाएगा। वह अपनी गाड़ी में दो और शिक्षकों को साथ लाते हैं, जबकि बाकी शिक्षक बाइक से आते हैं, क्योंकि स्कूल तक आने के लिए कोई पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं है।

**छात्रों के लिए एक नई उम्मीद :** देबजीत घोष ने 2013 में एक शिक्षक के तौर पर अपने करियर की शुरूआत की थी। उनके मुताबिक, सिर्फ मार्क्स के पीछे भागने से बेहतर है कि बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ावा दिया जाए।

देबजीत घोष ऊपरी असम के नामसांग चाय बागान आदर्श स्कूल में प्रिंसिपल हैं, जिसकी शुरूआत 2022 में हुई थी। यह स्कूल खासकर चाय बागान में रहने वाले बच्चों के लिए है, जिन्हें पहले 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ती थी, क्योंकि आसपास कोई सेकेंडरी स्कूल नहीं था। सिर्फ दो साल में इस स्कूल ने 300 से ज्यादा बच्चों को वापस स्कूल से जोड़ा है।

# 'जुआ युवाओं और परिवारों को बर्बाद कर रहा था, इसलिए बनाया नया कानून', पीएम नरेंद्र मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने वाला नया कानून बिना किसी दबाव के लागू किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गेमिंग बुरा नहीं है, लेकिन जुआ युवाओं और परिवारों को बर्बाद कर रहा था। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के साथ संवाद में कहा कि 'ऑनलाइन गेमिंग प्रचार और विनियमन अधिनियम, 2025ह्व छात्रों और परिवारों को लत, आर्थिक शोषण और हिंसक सामग्री से बचाने के लिए लाया गया है। इस कानून के तहत सभी तरह के ऑनलाइन मनी गेम्स पर रोक रहेगी, जबकि ई-स्पोर्ट्स और सकारात्मक ऑनलाइन गेम्स को प्रोत्साहित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारत यदि सही दिशा में प्रयास करे तो वैश्विक ऑनलाइन गेमिंग बाजार पर प्रभुत्व जमा सकता है, साथ ही इसमें रोजगार की भारी संभावनाएं भी हैं। पीएम मोदी ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे छात्रों को गेमिंग और जुए के अंतर के बारे में जागरूक करें। प्रधानमंत्री ने बताया कि कई लोग, खासकर युवा और गृहिणियां, ऑनलाइन जुए में फंसकर कर्ज और आत्महत्या जैसे खतरनाक हालात तक पहुंच रहे थे।

**इसलिए सख्त कदम उठाना पड़ा... :** पीएम मोदी ने आगे इस बात पर जोर दिया कि आखिर क्यों ऐसा सख्त कदम उठाना पड़ा। इस बात पर उन्होंने कहा कि यह एक नशे की तरह फैल रहा था, इसलिए सरकार को सख्त कदम उठाना पड़ा। उन्होंने नवाचार और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। पीएम मोदी ने बताया कि देशभर में 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित हो चुकी हैं और 50,000 नई लैब्स मंजूर की गई हैं।

# जबलपुर के सरकारी अस्पताल में 5.2 केजी के नवजात का जन्म



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में सरकारी रानी दुर्गावती अस्पताल में एक महिला ने सीजेरियन के जरिए 5.2 किलो वजनी बच्चे को जन्म दिया। यह मामला बहुत ही खास और दुर्लभ है, क्योंकि आमतौर पर नवजात बच्चों का वजन इससे काफी कम होता है। मामले में अस्पताल की यूनिट की गेड गायनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर भावना मिश्रा ने बताया कि यह बच्चा बुधवार को शुभांगी नाम की महिला को जन्मा जो आनंद चौकसे की पत्नी हैं और रांझी इलाके की निवासी हैं। डॉक्टर भावना ने कहा कि मैंने कई वर्षों में इतना भारी बच्चा नहीं देखा।

डॉक्टर ने बताया कि ऐसे भारी बच्चों को खास तौर पर 24 घंटे तक अस्पताल में निगरानी में रखा जाता है क्योंकि उनके ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव हो सकता है। बच्चा अभी स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में है क्योंकि ऐसे बच्चों को कभी-कभी जन्मजात समस्याओं का खतरा होता है। पेडियाट्रिशियन ने बच्चे के ब्लड शुगर स्तर पर नजर रखी हुई है और फिलहाल बच्चा स्वस्थ है।

डॉक्टर भावना ने यह भी बताया कि सामान्यतः एक सामान्य पूर्णकालिक लड़के का जन्म वजन 2.8 से 3.2 किलो के बीच होता है, जबकि लड़कियों का वजन 2.7 से 3.1 किलो के बीच होता है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## क्यों नहीं होते सांसद और विधायक के उद्‌घाटन वाले मूवमेंट पर एक साथ दीदार

### सब कुछ सामान्य, या चल रही है कोई इंटरनल वॉर




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चारों तरफ भगवा है केंद्र से लेकर प्रदेश तक फूल वालों की सरकार है, लेकिन कभी-कभी ये चर्चा क्यों चलती है कि फूल वालों में ही इंटरनल तकरार है। कहीं खुलकर प्रहार है तो कहीं एक डिस्टेंश बनाया गया है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा से कैबिनेट मंत्री हैं और वो सबसे ज्यादा वोटों से देश में चुनाव भी जीते हैं। दूसरी तरफ दो बार विधायक और उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री से लेकर परिवार एवं स्वास्थ्य मंत्री का प्रभार संभालने वाले अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं। वो ऐसे सांसद हैं जो प्रधानमंत्री से ज्यादा वोटों से चुनाव जीते हैं। वो ऐसे सांसद हैं जो रक्षामंत्री से ज्यादा वोटों से चुनाव जीते हैं। जनता ने जनादेश दिया है और लोकसभा सांसद को सबसे ज्यादा वोट भी कैबिनेट मंत्री की विधानसभा से मिले हैं। इन सब चीजों के बाद भी आखिर ऐसा क्या है कि कैबिनेट मंत्री उन्हें अपने क्षेत्र में किसी उद्घाटन का नारियल फोड़ने के लिये नहीं बुलाते हैं। अतुल गर्ग भी जब कोई फीता काटते हैं तो उसमें सुनील शर्मा नजर नहीं आते हैं। जबकि तस्वीरें बताती हैं कि अन्य विधानसभाओं में ऐसा नहीं है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में अगर पार्षद नारियल तोड़ता है तो कैबिनेट वाले भी फोटो फ्रेम में होते हैं। कई बार कैबिनेट वाले अपने प्रोग्राम में पार्षद को बुलाते हैं। इसी तरह विधानसभा वालों के साथ लोकसभा वाले शहर की समस्या को लेकर रक्षामंत्री के घर तक जाते हैं। विकास का नारियल हो तो विधानसभा वालों के साथ लोकसभा वाले भी पूरी कदमताल करते दिखाई देते हैं। अब चर्चा ये उठने लगी है कि क्या वास्तव में दो पावर सेंटरों के बीच कोई फाइट चल रही है या फिर एक-दूसरे के क्षत्र में बुलाना इंटरनल स्ट्राइक माना जा रहा है। आखिर वो एक-दूसरे के विकास वाले फोटों से शुभारंभ वाले लड्डुओं से और लोकार्पण वाले नारियलों से क्यों दूर हैं। ये चर्चा है और अगर चर्चा चली है तो जरूर कोई बात है।

वहीं जब करंट क्राइम ने इस मामले में दोनों पक्षों को टटोला तो पहले तो बहुत देर तक दोनों में से कोई नहीं बोला। फिर कैबिनेट वालों ने ही इतनी बात कही कि मैं तो खुद ही उद्घाटन नहीं कर रहा तो उन्हें कैसे बुलाता। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र में कई नारियल तो स्थानीय नागरिकों ने तोड़े हैं। कई उद्घाटन पार्षदों ने किये हैं और मैंने तो कई दिनों से उद्घाटन नहीं किये हैं। इसी तरह लोकसभा वालों ने भी कहा कि ये तो उनके बुलाने पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा वाले बुलाते हैं तो हम भी जाते हैं। विधानसभा वालों ने उद्घाटन में बुलाया तो हम गए, अब अगर किसी ने निमंत्रण नहीं दिया तो फिर ऐसे जाना भी ठीक नहीं लगता है। हालांकि दोनों ने ही किसी प्रकार की ट्यूनिंग एरर की बात से इनकार किया। उनका कहना है कि ये इत्तेफाक हो सकता है और राजनीति में कई बार बड़े रोचक इत्तेफाक हो जाते हैं। कई बार कुछ ऐसे भी मामले हो जाते हैं जिनको लेकर सियासत वालों में चर्चे हो जाते हैं।

## चेयरमैन मोहिनी शर्मा के सामने आज शुरू होगा एक और धरना

### रीना भाटी के बाद योगेश भाटी ने बनाया धरने का प्रोग्राम





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा नगर पालिका में इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। आमतौर पर ये होता है कि अगर, सत्ताधारी दल का नगर पालिका अध्यक्ष ना हो तो अधिशासी अधिकारी पर आरोप लगते हैं और कई बार दोनों के बीच वैचारिक गतिरोध भी आ जाता है, लेकिन खोड़ा में तो महिला चेयरमैन के सामने खोड़ा की पूर्व महिला चेयरमैन है और कहानी में अब मोड़ आ गया है और जिस मांग को लेकर खोड़ा की नगर पालिका चेयरमैन रहीं रीना भाटी भूख हड़ताल पर बैठी है अब उन्हीं मांगों को लेकर योगेश भाटी धरने पर बैठ रहे हैं।

गौरतलब है कि खोड़ा की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रीना भाटी खोड़ा नगर पालिका परिसर में भूख हड़ताल पर बैठी हैं। उन्होंने खोड़ा की पेयजल समस्या को लेकर, विकास कार्यों को लेकर कई सवाल उठाए हैं। भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं और कहानी में नया मोड़ तब आया जब भाजपा नेता और पूर्व नगर पालिका चेयरमैन रीना भाटी के देवर योगेश भाटी ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा और धरने की घोषणा कर दी। समान मांगों को लेकर एक ही परिवार के दो सदस्य विरोध में हैं। एक भूख हड़ताल पर है और दूसरे को धरना देना है। बताया ये जाता है कि योगेश भाटी ने 30 अगस्त को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था और इनका कार्यक्रम चार सितंबर को धरना देने का था। इसी बीच स्व. गजेंद्र भाटी की बरसी थी और जब तक योगेश भाटी धरने की योजना बनाते तब तक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रीना भाटी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ गई। आज भाजपा नेता योगेश भाटी धरना देंगे।

### इन प्रमुख मांगों को लेकर योगेश भाटी देंगे धरना



करंट क्राइम। योगेश भाटी ने खोड़ा नगर पालिका परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार की वीडियो पर एफआईआर दर्ज करने की बात कही है। उन्होंने अपने प्रमुख मुद्दों में जहां चेयरमैन और कार्यपालक अधिकारी को लेकर निशाना साधा है। वहीं उन्होंने अपने पास वीडियो और दस्तावेज उपलब्ध होने का दावा किया है। योगेश भाटी ने सरकारी वाहनों में डीजल को लेकर आरोप लगाए हैं। उन्होंने जल कनेक्शन से संबंधित शुल्क और रसीदों में गंभीर अनियमितता की बात की है। उनका कहना है कि नागरिकों से शुल्क वसूला गया किंतु यह शासकीय कोष में जमा नहीं हुआ। वहीं योगेश भाटी ने सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर आरोप लगाया है कि करोड़ों रुपए के वाहन संपत्ति को बिना मेंटिनेंस के आर्थिक क्षति पहुंचाकर करोड़ों रुपए के नए वाहन खरीदकर पालिका के धन का दुरुपयोग किया गया है। योगेश भाटी ने अपने पत्र में कूड़ा निस्तारण को लेकर ठेका देने की प्रक्रिया को लेकर भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने पूरे मामले की जांच की मांग की है और इन सभी मांगों को लेकर योगेश भाटी आज खोड़ा नगर पालिका परिसर में धरने पर बैठेंगे।

## जब सरकारी विभागों ने नहीं दिया टूटी सड़क के गड्ढों पर ध्यान

### तब भाजपा पार्षद ने समझा ये दर्द और खुद के खर्चे पर शुरू कर दिया अभियान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनता अपनी समस्याओं की समाधान के लिये जनप्रतिनिधियों को चुनती है। जनप्रतिनिधि छोटा हो बड़ा हो, लेकिन उसका काम जनता की समस्या का समाधान करना है। क्यों जनता ने उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिये चुना है। जीतने के बाद जनप्रतिनिधि कितना ध्यान देते हैं, इसकी एक बड़ी मिसाल झंडापुर क्षेत्र के वार्ड-41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय बने हैं। खास बात ये है कि भूपेंद्र उपाध्याय भाजपा के पार्षद हैं और सूबे में भाजपा की सरकार है। वार्ड की भौगोलिक संरचना ऐसी है कि आधा वार्ड यूपीसीडा के पास है और आधा वार्ड नगर निगम के पास है। औद्योगिक क्षेत्र में जो इलाका आता है उसका विकास यूपीसीडा को कराना है और रिहायशी क्षेत्र का हिस्सा नगर निगम पास आता है। बारिश में औद्योगिक क्षेत्र की सड़क जलभराव के कारण टूट गई और साहिबाबाद साइट-4 के इलाके की सड़कों पर गहरे गड्ढे हो गए। लोगों के वाहन पलटने लगे, रात के समय दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया। लोग अपने पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के पास पहुंचे। उन्होंने पार्षद को बताया कि सड़कों पर गड्ढे हैं और इन गड्ढों के चलते रोजाना लोगों को चोट लग रही है। यहां पर खास बात ये थी कि नगर निगम ने कहा कि ये इलाका यूपीसीडा के पास है और यूपीसीडा ने कह दिया कि बरसात के चलते सड़क निर्माण का काम रोक रखा है। अब पार्षद के सामने ये समस्या कि वो जनता से क्या कहे। लोगों को चोट लग रही है तो यहां भाजपा पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने एक बड़ी मिसाल पेश की और उन्होंने खुद ही गड्ढे भरवाने का अभियान छेड़ दिया। भूपेंद्र उपाध्याय ने अपनी खुद की रकम से लोगों को सुरक्षित रास्ता देने का काम किया। झंडापुर वार्ड-41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने सौर ऊर्जा मार्ग पर आल्पस कंपनी के सामने सड़क पर हो रहे गड्ढों को भरवाया। इससे आम जनता को राहत मिली है।

### जनता ने दिया है मुझे वोट, मेरा फर्ज है करना उन्हें सपोर्ट: भूपेंद्र उपाध्याय



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक ऐसे पार्षद जिन्होंने जनता को रास्ता नहीं बताया बल्कि उनके टूटे रास्ते को अपनी जेब से सही कराया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि उनके वार्ड की मुख्य सड़क यहां से गुजरती है। उन्होंने कहा कि लोगों ने अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर उन्हें अपना वोट दिया था। अब वो जनता को सपोर्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि यूपीसीडा भले ही बारिश होने का हवाला दें, लेकिन मेरा कर्तव्य लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिलाना है, मैं भविष्य में भी जनता के लिये खर्च नहीं देखूंगा बल्कि अपने खर्चे पर काम कराऊंगा। बड़े-बड़े गड्ढों की वजह से दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। उन्होंने कहा कि मेरे वार्ड में जहां-जहां भी गड्ढे हैं सभी जगह गड्ढे भरवाने का काम किया जाएगा। जिससे आम जनता को राहत मिले। भूपेंद्र उपाध्याय ने यूपीसीडा और नगर निगम के अधिकारियों से भी अपील की है कि सड़क पर हुए इन गड्ढों पर यथाशीघ्र भरवाने का काम करें, जिससे आम जनता को राहत मिल सके।

## एडिशनल सीपी केशव चौधरी को मिला मुख्यालय एवं क्राइम का चार्ज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों प्रदेश में कई आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए थे। जिसके बाद गाजियाबाद में एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना का तबादला मेरठ पीएसी में हो गया था। उनके स्थान पर आईपीएस अधिकारी 2009 बैच केशव चौधरी को पुलिस कमिश्नरेट में पोस्ट किया गया। अब पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा आईपीएस अधिकारी केशव चौधरी पर भरोसा जताते हुए, उन्हें मुख्यालय के चार्ज के साथ क्राइम का प्रभाव सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में ज्वाइन किया था, वह गुरुवार से अपने पुलिस मुख्यालय स्थित कार्यालय बैठने लगे हैं। उनको मुख्यालय और क्राइम का चार्ज दिया गया है। कहा जा रहा है कि जल्द ही एक्शन प्लान बनाकर फील्ड पर नजर आएंगे।

### जल्द ही कर सकते हैं क्राइम कंट्रोल को लेकर थानों के प्रभारियों संग बैठक

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आईपीएस केशव प्रसाद चौधरी जो कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी मुख्यालय एवं अपराध बनाए गए हैं, जल्द ही वह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत क्राइम कंट्रोल करने को लेकर कमिश्नरेट के तीनों जोन में आने वाले थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर सकते हैं। साथ ही एसीपी स्तर के अधिकारियों को भी क्राइम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

### प्रदेश के तेजतर्रार और बेस्ट अधिकारियों में होती है केशव चौधरी की गिनती

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडिशनल सीपी केशव चौधरी यूपी के तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी माने जाते हैं। वह वर्ष 2009 बैच के अधिकारी हैं। इससे पहले वह झांसी में डीआईजी रहें थे। साथ ही पुलिस कमिश्नरेट आगरा में भी वह डीआईजी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनको कई प्रमुख शहरों की बेहतर पुलिसिंग का अनुभव है। साथ ही क्राइम कंट्रोल को लेकर वह ऑन स्पॉट एक्शन लेने और अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए पहचान रखते हैं।

## भाजपा देगी पंचायत चुनाव में मूल कार्यकर्ता को टिकट

### बाहरी एंट्री के लिए चुनाव लड़ने का सीन हो सकता है विकट






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा राजनीति के हर दौर में एक अलग तौर पर चलती है। उसने लगातार आयाम चलाए और वो सरकार होते हुए भी जनता के बीच है। भाजपा ने कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम चलाया और इस अभियान में एक बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी भाजपाई बनें जो दूसरे दलों से आये। जिस समय ये प्रोग्राम चला उस समय कई भाजपाईयों ने इसको लेकर आवाज भी उठाई थी मगर, संगठन से स्पष्ट निर्देश आ गए थे कि परिवार में आए नए लोगों का स्वागत करना है। भाजपा ने नए सदस्यों को सम्मान भी दिया। किसी को सरकार में अहम जिम्मेदारी मिली। इसके बाद ये आवाज लगातार उठती रही है कि मूल कार्यकताओं को कृपा वाले पात्र से दूर रखा जा रहा है। भाजपा अभी से 2027 चुनावी रण की तैयारियों में जुटी है। वो संगठन की भी ओवरहोलिंग कर रही है और मूल कार्यकर्ता वाला संदेश संगठन तक पहुंच गया है। संगठन इस पर फोकस कर रहा है और सूत्र बताते हैं कि जिला पंचायत चुनाव में भाजपा से ताजा जुड़े लोग इस बात से अपडेट रहें कि चुनाव वाले फॉरमेट में भाजपा अपने मूल कार्यकताओं को लेकर आएगी।

सूत्र बताते है कि ये भाजपा का लिटमस टेस्ट भी हो सकता है, लेकिन माना जा ये जा रहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा अपने मूल कार्यकताओं पर फोकस करेगी और वो ये भी देखी कि उसके इस प्रयोग का क्या रिजल्ट रहा है। सूत्र बताते हैं कि ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा अपने मूल कार्यकताओं को पूरी ताकत से चुनाव लड़ाने जा रही है। इस चुनाव में पार्टी भले ही सिंबल नहीं देगी लेकिन वो अपने मूल कार्यकताओं को पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ाएगी।

सूत्र बताते हैं कि यहां संगठन की रणनीति तैयार हो गई है और पार्टी का फोकस यहां अपने मूल कार्यकताओं पर रहेगा। सूत्र बताते हैं कि संगठन वालों को भी ये निर्देश प्राप्त हो गए हैं कि कार्यकर्ता का नाम ही आगे चलाएं और कार्यकर्ता को ही चुनाव लड़ाएं। मूल कार्यकर्ता के नाम पर ही पार्टी फोकस करेगी। सूत्र बताते हैं कि बाहर से आने वाले किसी भी उम्मीदवार या दावेदार को भाजपा टिकट नहीं दे रही है। वो अपना सपोर्ट भी नहीं देगी और बाहरी व्यक्ति को उम्मीदवार भी घोषित नहीं करेगी। ऐसे में मूल कार्यकताओं के लिये एक आशा की किरण हो सकती है।

## आज मेरठ वाली बैठक में एमएलसी चुनाव से लेकर पंचायत चुनाव पर होगा मंथन

### नए सदस्य बनाने का चलेगा अभियान और कार्यकर्ता पर होगा ध्यान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज मेरठ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पार्टी के नेताओं के साथ शिक्षक स्नातक एमएलसी चुनाव से लेकर ब्लॉक प्रमुख के चुनाव की रणनीति तैयार करेंगे। मेरठ के होटल इवाया में ये बैठक आज सुबह दस बजे शुरू होगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में एमएलसी चुनाव, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और सेवा पखवाड़े पर चिंतन-मंथन होगा। मेरठ वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़े को लेकर भी विचार-विमर्श होगा, आयाम तय किये जाएंगे।



सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के अलावा एमएलसी चुनावों को लेकर प्रदेश प्रभारी बनाए गए अमरपाल मौर्य भी मौजूद रहेंगे।

सबसे खास बात ये है कि पार्टी अंदरखाने ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष को अपनी पूरी ताकत देने जा रही है। इन चुनावों में भाजपा सिंबल पर नहीं आएगी, लेकिन वो यहां पूरी ताकत अपने समर्थित इन उम्मीदवारों पर लगाएगी। इन चुनावों में भाजपा सिंबल पर नहीं होगी, लेकिन सभी पदाधिकारयों को निर्देश दे दिये गये हैं कि ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में भी जिसे पार्टी सपोर्ट करेगी उसे वोट दिलवाने के लिये भाजपा के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी ताकत लगाएंगे। भले ही वो ग्राम प्रधान का चुनाव हो, लेकिन यहां ताकत भाजपा की दिखाई देगी। आज इस बात को लेकर मेरठ में चिंतन-मंथन बैठक होने जा रही है। संगठन के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देश मिलेगा।

### रिजर्वेशन पर टिकी है इलेक्शन की धुरी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पार्टी ने चुनाव की तैयारी शुरू की है तो जाहिर है कि दावेदारों ने भी उम्मीदवारी को पूरी ताकत देनी शुरू की है। ऐसे में सभी तैयारी कर रहे हैं और ये अहम प्रश्न ये है कि भाजपा क्षेत्र में किसे अपना समर्थन देगी। दावेदारों की उम्मीदवारी की उम्मीदों को लेकर पूरा मामला चुनावों के रिजर्वेशन चार्ट पर टिका है। सूत्र बताते हैं कि रिजर्वेशन की धुरी पर ही पूरा इलेक्शन घूमेगा, क्योंकि रिजर्वेशन का चार्ट फाइनल होने के बाद ही चेहरे सामने आएंगे। कौन सी सीट ओबीसी रहेगी, कौन सी सीट महिला सीट रहेगी सबकुछ इस पर निर्भर करेगा और इसी के बाद चुनावी तस्वीर साफ होगी। रिजर्वेशन का सीन सामने आने के बाद दावेदारी का सीन बाहर आएगा।

## संपादकीय

# सिगरेट-गुटखा महंगे, दाल-घी सस्ते

जीएसटी परिषद की बैठक में जिन नई दरों को मंजूरी दी गई, उसके तहत बारह फीसद और अट्ठाईस फीसद के स्तर को खत्म कर दिया गया है और अब सिर्फ पांच और अठारह फीसद की दर लागू रहेगी।

पिछले कई वर्षों से माल एवं सेवा कर यानी जीएसटी प्रणाली और इसकी दरों को लेकर सवाल उठ रहे थे, लेकिन इस मसले पर सरकार के भीतर कोई खास उत्साह नहीं दिख रहा था। नतीजतन, ऐसी बहुत सारी वस्तुओं पर भी कर के रूप में लोगों को नाहक ही ज्यादा रकम चुकानी पड़ रही थी, जिन्हें अनिवार्य आवश्यकताओं के रूप में जाना जाता है। अब आखिरकार सरकार ने जीएसटी की दरों में बड़े बदलाव की घोषणा की है और इसे आम जनता के लिए भारी राहत के तौर पर पेश किया जा रहा है।

हालांकि कई वस्तुओं और सेवाओं पर अब तक लागू कर की दरों में जिस तरह कमी की गई है, उससे अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके तर्कसंगत होने को लेकर जिस तरह के सवाल उठते रहे हैं, उसमें यह निश्चित रूप से एक बड़ा बदलाव है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे बहुत देर से उठाया गया कदम बताया है। अब सिर्फ पांच और अठारह फीसद की दर लागू गौरतलब है कि बुधवार को जीएसटी परिषद की बैठक में जिन नई दरों को मंजूरी दी गई, उसके तहत बारह फीसद और अट्ठाईस फीसद के स्तर को खत्म कर दिया गया है और अब सिर्फ पांच और अठारह फीसद की दर लागू रहेगी। मगर कुछ खास वस्तुओं पर जीएसटी को चालीस फीसद तक बढ़ा दिया गया है। इसी महीने की बाईस तारीख से लागू होने वाले करों के नए ढांचे में जो बदलाव किए गए हैं, उसके तहत लोगों के लिए आम उपयोग में आने वाली वस्तुओं और सामान्य सेवाओं के मामले में काफी राहत दी गई है।

मसलन, खाद्य और डेयरी उत्पाद, दवाएं, तेल, घी, सूखे मेवे, चपाती आदि रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली कई उपयोगी चीजों को पांच फीसद के कर-ढांचे में डाला गया है। जबकि जीवन-बीमा सहित कुछ जीवनरक्षक दवाओं पर जीएसटी शून्य कर दी गई है। वहीं, वातानुकूलन यंत्र, टीवी, प्रोजेक्टर सहित कई इलेक्ट्रोनिक चीजों को अठारह फीसद के स्तर में लाया गया है। इससे इतर, बड़े आकार वाली महंगी कारों के साथ-साथ पान मसाला, सिगरेट, गुटखा और कैफीनयुक्त पेय जैसी कुछ चीजों पर अब चालीस फीसद जीएसटी तय की गई है।

जाहिर है, नए ढांचे का मकसद आबादी के एक बड़े हिस्से के खर्च और उपभोग को राहत के दायरे में लाकर अर्थव्यवस्था को रफ्तार देना है। यह एक आम हकीकत है कि अगर कोई वस्तु लोगों की आय के मुताबिक क्रयशक्ति की सीमा में होती है, तभी वे उसे खरीदने या उसके उपयोग को लेकर सहज होते हैं। कर की दरों में कमी के बाद वस्तुओं या सेवाओं की कीमतों में जो अंतर आएगा, आम इस्तेमाल में आने वाली चीजों की महंगाई में गिरावट आएगी, उससे बड़ी संख्या में लोग उसके उपभोग के दायरे में आ जाएंगे। बाजार में मांग बढ़ने से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और इस तरह आर्थिक मोर्चे पर अमेरिकी शुल्कों से जो चुनौती पैदा हुई है।

# 2030 तक दालों के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा भारत

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने एक अहम रिपोर्ट में सरकार को ऐसी रणनीतियां और रास्ते अपनाने की सिफारिश की है, जिनसे भारत वर्ष 2030 तक दालों में आत्मनिर्भर बन सके। रिपोर्ट के अनुसार ₹उत्पादन में लगातार वृद्धि होगी। यह 2030 तक अनुमानित 34.45 मीट्रिक टन और 2047 तक 51.57 मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी। थिंक टैंक नीति आयोग ने दाल उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार से सिफारिश की है। आयोग ने कहा है कि सरकार को ऐसी रणनीतियां अपनानी चाहिए, जिनसे वर्ष 2030 तक भारत दालों में आत्मनिर्भर बन सके। साथ ही 2047 तक देश में दालों का उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।



### उत्पादन में होगी लगातार वृद्धि

नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट में आगे कहा कि उत्पादन में लगातार वृद्धि होगी। यह 2030 तक अनुमानित 34.45 मीट्रिक टन और 2047 तक 51.57 मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी। बता दें कि 2022 में इसका उत्पादन 26.06 मीट्रिक टन रहा।

### मांग-आपूर्ति अंतर का किया विश्लेषण

रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर दालों की मांग-आपूर्ति के अंतर का भी विश्लेषण किया गया है। इसमें कहा गया है कि ये अनुमान सकल उत्पादन, आयात, निर्यात, स्टॉक में बदलाव, बीज, चारे के उपयोग और बबार्दी जैसे कारकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

इसमें कहा गया है कि पिछले एक दशक में, बीज, चारा और बबार्दी का औसत हिस्सा सकल उत्पादन का 11.2 प्रतिशत रहा है, जिसका उपयोग आपूर्ति का अनुमान लगाने के लिए किया गया था। इसके आधार पर, 2030 तक दालों की आपूर्ति 30.6 मीट्रिक टन और 2047 तक 45.8 मीट्रिक टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट में आने वाले वर्षों में अधिशेष की स्थिति का अनुमान लगाया गया है। 2030 तक, भारत में 3.79 मीट्रिक टन अधिशेष होने की उम्मीद है, जो 2047 तक बढ़कर 16.48 मीट्रिक टन हो सकता है।

### स्वस्थ उपभोग को बढ़ावा देने पर जोर

मांग के संदर्भ में, रिपोर्ट में आईसीएमआर-एनआईएन की सिफारिशों के अनुरूप स्वस्थ उपभोग को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। इसमें कहा गया है कि इसके लिए दालों के पोषण मूल्य के बारे में जागरूकता पैदा करना, उन्हें आहार में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना और उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं का ध्यान रखना जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपूर्ति और मांग दोनों के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाकर, भारत दालों के क्षेत्र में अंतराल को पाट सकता है। इस प्रमुख वस्तु के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर सकता है।

## केंद्र सुनिश्चित करेगा जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार जीएसटी का फायदा लोगो को मिले इसकी सरकार निगरानी करेगी। जीएसटी में कटौती का असर उनकी कीमतों में दिखेगी। जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई आवश्यक वस्तुओं पर कर को शून्य करने का निर्णय लिया गया है। ये बदलाव 22 सितंबर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे।




परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितंबर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे।

जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं को मिले यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्र निगरानी रखेगा। केंद्र मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को यह आश्वासन दिया। उनके अनुसार उद्योग जगत ने भरोसा दिया है कि विभिन्न वस्तुओं पर करों

भाजपा के संवाददाता सम्मेलन में गोयल ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिका के फैसले के कारण मोदी सरकार ने जीएसटी के ढांचे में सुधार किया।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्यों और केंद्र के सचिवों व वित्त मंत्रियों के बीच लगभग एक साल तक चले विचार-विमर्श के बाद लिया गया। उन्होंने कहा, इस निर्णय (जीएसटी) का किसी भी देश के किसी भी फैसले से कोई संबंध नहीं है। इतना बड़ा परिवर्तन रातोंरात नहीं हो सकता।

## रोचक तथ्यों का करंट



- आपको जानकर हैरानी होगी की साल 2002 में, संरक्षणवादी लोगों के आश्चर्य की बात है, एक शेरनी एक हिरन के बच्चे को गोद लेती है और उसे बचाती है! हालांकि, दो हफ्ते बाद, एक नर शेर ने बच्चे को खा डाला, जब शेरनी सोयी हुई थी। आश्चर्य की बात यह है की शेरनी को बहुत ही दु:ख के साथ घूमते देखा गया था और वह क्रोध में दहाड़ते हुए घूमते देखी जा सकती थी।
- क्या आप जानते हैं? बड़े भोजन के बाद, एक नर शेर 24 घंटे तक सो सकते हैं। 8 में से 1 पुरुष शेर वयस्कता होने तक जीवित रहते हैं। अधिकांश शेर लगभग 2 वर्ष की आयु के आसपास उनके झुण्ड से बाहर निकाल दिए जाने के तुरंत बाद मर जाते हैं!
- दो आदमखोर 9 फीट लंबे इंसानों का-भोजन करने वाले शेरों ने 1898 में केन्या-युगांडा में 135 से अधिक श्रमिकों को खाया था।
- क्या आप जानते हैं? जब शेर बाघों से ब्रीड करते हैं, तो उसके परिणामस्वरूप हाइब्रिड को लाइगर और टाइगन कहा जाता है। यहां शेर और तेंदुए के हाइब्रिड भी हैं, जिन्हें लेपन्स के रूप में जाना जाता है और शेर और जगुआर हाइब्रिड, जिन्हें जेगलंस कहा जाता है।

## गुरु ज्ञान का आधार

प्रस्तुति करंट क्राइम

**सरोज सिंह (हिंदी अध्यापिका)**
**चौ० छबील दास पब्लिक स्कूल (जू० विंग)**



हम शिक्षक हैं, जो अपने शिष्यों का भविष्य सजाते हैं।
शिष्य के जीवन में माता-पिता के बाद हम आते हैं, माता देती है शिष्य को जीवन, पिता करते हैं भरण-पोषण लेकिन, जो जीवन को ज्ञान के मोतियों से सजाते हैं, वो शिक्षक कहलाते हैं।
गुरु ज्ञान का आधार है, गुरु के बिना ना मिलता मान सम्मान है, छात्र को जीवन में सफल बनाना, हर गुरु का अरमान है।
संघर्षों से लड़ना, सत्य के पथ पर चलना, उन्हें सही गलत में फर्क करना, हम शिक्षक ही सिखाते हैं।
शिष्यों को सफलता की ऊँचाइयों पर देखकर, हर शिक्षक का मन हर्षाता है।
गुरु वही रह जाता है और शिष्य आगे बढ़ जाता है।




लेकिन, फिर भी हर शिक्षक का मन चाहता है कि उसका शिष्य जीवन में आगे बढ़े और सफलता के शिखर पर चढ़े।
गुरु वशिष्ठ, द्रोण और चाणक्य जैसे गुरु के आदर्शों पर चलकर हम, अर्जुन, एकलव्य और चंद्रगुप्त बनाएं जो समाज का कल्याण करें और अपने गुरुओं का मान बढ़ाएं`

# उतार-चढ़ाव के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सपाट बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन उतार-चढ़ाव के बाद बाजार सपाट बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 7.25 अंक गिरकर 80,710.76 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 6.70 अंक की बढ़त के साथ 24,741.00 पर बंद हुआ।

बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद अपरिवर्तित बंद हुए। तेल व गैस और ऑटो शेयरों में बढ़त की भरपाई आईटी और एफएमसीजी शेयरों में गिरावट से हो गई।

### सेंसेक्स में दिन भर रहा उतार-चढ़ाव

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 7.25 अंक या 0.01 प्रतिशत गिरकर 80,710.76 अंक पर बंद हुआ। इसके 14 शेयर लाभ में तथा 16 नुकसान में रहे। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में, सूचकांक बढ़त के साथ खुला, लेकिन देर सुबह के कारोबार में लाल निशान में फिसल गया। दोपहर के सत्र में यह 80,321.19 के निचले स्तर पर पहुंच गया, लेकिन बंद होने से पहले के सत्र में इसमें गिरावट कम हुई। दिन के उच्चतम और निम्नतम स्तर के बीच सूचकांक 715.37 अंक ऊपर-नीचे हुआ।



### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.34 प्रतिशत, मारुति 1.70 प्रतिशत और पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और इटरनल के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं आईटीसी, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

### ऑटो सेक्टर में बढ़त जारी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार आज स्थिर रहे। हालांकि समर्थन स्तरों पर खरीदारी के चलते प्रमुख सूचकांकों में दिन के निचले स्तर से उछाल आने से धारणा थोड़ी सकारात्मक रही। मांग में सुधार की उम्मीदों के चलते ऑटो सेक्टर में बढ़त जारी रही। उन्होंने कहा कि संकेतों से भी समर्थन मिला, अमेरिकी रोजगार रिपोर्ट से पहले अमेरिकी और एशियाई बाजारों में तेजी रही। यह फेड की ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक है।

### यूरोपीय बाजारों में रही मजबूती

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मजबूती के साथ कारोबार हुआ। गुरुवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 66.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.07 प्रतिशत गिरकर 66.93 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 106.34 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,233.09 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

## राशिफल

**मेष:** उन भावनाओं को पहचानें, जो आपको प्रेरित करती हैं। डर, शंका और लालच जैसी नकारात्मक भावनाओं को छोड़ें। सूझ-बूझ से काम लें, अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।
**वृष:** दिन अच्छा बीतेगा। आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेगा। हनुमान चालीसा का पाठ करें, आपके रुके हुए काम पूरे होंगे।
**मिथुन:** आज नए सौदे कारोबार को मजबूती प्रदान करेंगे। समर्पण की भावना से काम में जुटें। जीवनसाथी से उपहार मिल सकता है। जरुरी कामों सफलता मिलेगी।
**कर्क:** आपका गुस्सा परिवार को नाराज कर सकता है। इससे पहले कि गुस्सा आपको खत्म करे, आप उसे खत्म कर दें। अपने परिवार के साथ रुखा व्यवहार न करें।
**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आप जिससे भी मिलेंगे, वो व्यक्ति आपसे प्रभावित हो सकता है। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा हो सकती है।
**कन्या:** आज आपको हाथ में लिए हुए कार्य में सफलता मिलने हेतु परिश्रम को आगे बढ़ाना होगा। आपको अपनी सेहत का थोड़ा ध्यान रखने की आवश्यकता है।
**तुला:** लंबी यात्राओं से बचें। आज फायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली-भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ।
**वृश्चिक:** आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आज धन लाभ का योग बन रहा है।
**धनु:** साझेदारी में किए गए काम फायदेमंद साबित होंगे। लोगों की दखलअंदाजी वैवाहिक जीवन में परेशानी खड़ी कर सकती है, शांत रहना आपके फायदे में साबित होगा।
**मकर:** तनाव के चलते बीमारी से दो-चार होना पड़ सकता है। सुकून महसूस करने के लिए दोस्तों और परिवार के साथ कुछ समय बिताएँ।
**कुंभ:** दिन उत्तम रहेगा। सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा। आज अपने बेस्ट फ्रेंड से आपकी मुलाकात हो सकती है।
**मीन:** आज आपके जीवन के महत्वपूर्ण विचार-विमर्श होंगे। आलस्य से बचकर सक्रिय होना आपके लिए लाभप्रद रहेगा।

## चुटकुले

किसी आदमी ने अपने एक मित्र को दावत दी, सारा खाना वही खा गया। घर वाले भूखे रह गए। पांच साल का बबलू तो भूख के मारे रो पड़ा। उसकी मां ने कहा- बेटा मेहमान को जाने दो, सारे मिलकर रोएंगे, तुम अकेले क्यों रोते हो?

---

पत्नी ( रसोई से निकलते हुए )- सुनिए, आजकल मैं बहुत खूबसूरत होती जा रही हूं।
पति - तुमने कैसे जाना?
पत्नी - देखो न , आजकल मेरी सुंदरता को देखकर रोटियां भी जलने लगी है।

---

टीचर ने पहली क्लास के बच्चे से कहा- कल तुम्हें जो अंग्रेजी का पढ़ाया था, उसे सुनाओ, बच्चा- मुझे नहीं आता मैम. टीचर- नहीं आता? अच्छा तो जो आता है वो सुना दो. बच्चा- जाने मेरी जानेमन, बचपन का प्यार मेरा भूल नहीं जाना रे।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# रोहित शर्मा के लिए लड़ने वाले गेंदबाज ने टीम इंडिया का सेलेक्टर बनने के लिए किया एप्लाई



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में सीनियर सेलेक्शन कमेटी में खाली दो पदों के लिए आवेदान मांगे थे। इसके लिए एप्लाई करने की आखिरी तारीख 10 सितंबर है। इससे पहले भारत के एक पूर्व तेज गेंदबाज ने इस पद में दिलचस्पी दिखाई है और एप्लाई किया है।

ये खिलाड़ी हैं भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार। मौजूदा सेलेक्शन कमेटी में सेंट्रल जोन के सेलेक्टर सुब्रतो बनर्जी का कार्यकाल खत्म हो रहा है। प्रवीण कुमार उनकी जगह कमेटी में आ सकते हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि प्रवीण कुमार ने सीनियर सेलेक्शन कमेटी में खाली जगह के लिए एप्लाई किया है।

### यूपीसीए के हैं सेलेक्टर

पिछले साल से प्रवीण उत्तर प्रदेश की सीनियर पुरुष टीम के चीफ सेलेक्टर हैं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा है, हां ये बात पक्की है कि प्रवीण कुमार ने सेंट्रल जोन से अगले नेशनल सेलेक्टर बनने के लिए एप्लाई किया है। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि आखिरी पांच दिनों में और कौन इस पद के लिए दिलचस्पी दिखाता है।

बीसीसीआई ने चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के कार्यकाल को विस्तार दिया है। उनके अलावा अब सेलेक्शन कमेटी में एसएस दास और अजय रात्रा हैं।

प्रवीण शर्मा वही क्रिकेटर हैं जो एक बार रोहित शर्मा के लिए लड़ गए थे। इंग्लैंड में जब रोहित बैटिंग प्रैक्टिस कर रहे थे और प्रवीण गेंदबाजी कर रहे तब नेट्स के पीछे से एक दर्शक दोनों को परेशान कर रहा था और फिर रोहित की उससे बहस हो गई थी। इसमें प्रवीण भी कूद पड़े थे। 2014 के इंग्लैंड दौरे पर प्रवीण भारतीय टीम का हिस्सा थे और अपनी स्विंग गेंदबाजी से उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था।

### आरपी सिंह ने भी दिखाई थी दिलचस्पी

रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने भी इस पद के लिए एप्लाई करने का विचार किया था, लेकिन उन्होंने अभी तक इसके लिए एप्लाई नहीं किया है। सूत्र ने कहा, डेडलाइन खत्म होने वाली है। आप नहीं जानते कि वह एप्लाई करेंगे या नहीं।

प्रवीण कुमार ने भारत के लिए छह टेस्ट, 68 वनडे और 10 टी20 मैच खेले हैं। टेस्ट में उनके नाम 27, वनडे में 77 और टी20 में आठ विकेट हैं। वहीं आरपी सिंह ने भारत के लिए 40 टेस्ट, 69 वनडे और 10 टी20 मैच खेले हैं। बाएं हाथ के इस गेंदबाज के नाम टेस्ट में 40, वनडे में 69 और टी20 में 15 विकेट लिए हैं।

# आईसीसी टीम रैंकिंग में पाकिस्तान और इंग्लैंड को भारी नुकसान, साउथ अफ्रीका की बल्ले-बल्ले



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ हालिया सीरीज जीत के बाद साउथ अफ्रीका आईसीसी वनडे रैंकिंग में टॉप-5 में पहुंच गया है। पहले अफ्रीकी टीम छठे स्थान पर थी। इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत से साउथ अफ्रीका को फायदा हुआ है। अफ्रीका अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है और पाकिस्तान एक स्थान नीचे खिसक गया है। इंग्लैंड में वनडे सीरीज जीतने के साथ ही साउथ अफ्रीका ने आईसीसी वनडे रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढ़ गया है। अफ्रीका ने छलांग लगाते हुए वनडे रैंकिंग में 5वें स्थान पर कब्जा कर लिया है। पाकिस्तान को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। पाकिस्तान की टीम एक पायदान लुढ़ककर छठे स्थान पर चली गई है।

इंग्लैंड दौरे से पहले साउथ अफ्रीका की रेटिंग 98 की थी। दो वनडे मैच जीतने के बाद साउथ अफ्रीका की रेटिंग 101 हो गई है। पाकिस्तान की रेटिंग 100 है। इसके चलते वह एक स्थान नीचे खिसक गया है। भारतीय टीम वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर बनी हुई है। भारतीय टीम की रेटिंग 124 है। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड, तीसरे पर ऑस्ट्रेलिया काबिज है।

10वें स्थान पर है बांग्लादेश

ताजा जारी हुई आईसीसी वनडे टीम रैंकिंग में श्रीलंका चौथे स्थान पर है। अफगानिस्तान, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज क्रमशः 7वें, 8वें और 9वें पायदान पर है। बांग्लादेश की टीम 10वें स्थान पर बनी हुई है।

गौरतलब हो रैंकिंग में बदलाव साउथ अफ्रीका के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हुआ है। 3 मैच की वनडे सीरीज का 2 सितंबर को लीड्स में आगाज हुआ। पहले मैच में साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज करते हुए जीत से अपने अभियान का आगाज किया था। लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे वनडे मैच में इंग्लैंड को 5 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ साउथ अफ्रीका ने सीरीज जीती और एक बड़ा कारनामा कर दिखाया।

दरअसल, साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी कम अंतर से जीत दर्ज की। इससे पहले साल 2000 में केपटाउन में अफ्रीका ने इंग्लैंड को 1 रन से हराया था। अब लॉर्ड्स में अफ्रीका ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच में दूसरी करीबी जीत दर्ज की है। साथ ही साल 1998 के बाद से साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड में पहली वनडे सीरीज जीती।

# 'खुश हूं, लेकिन अब भी उस स्तर पर नहीं पहुंचे', मलयेशिया पर जीत के बाद बोले भारतीय कोच फुल्टन



**नई दिल्ली।** मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और गुरुवार को एशिया कप के सुपर चार चरण में मलयेशिया पर 4-1 से जीत के बाद उन्होंने कहा कि टीम अब भी उस स्तर पर नहीं पहुंची है। पांच बार की गत चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-2 से निराशाजनक ड्रॉ के एक दिन बाद भारत खेल के सभी विभागों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए मलयेशिया को हराकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

### '...जैसा आप चाहते हैं'

फुल्टन ने मैच के बाद कहा, 'हमने अच्छा खेल दिखाया, हम अच्छी स्थिति में हैं। कुछ दिन चीजें वैसी नहीं होतीं जैसी आप चाहते हैं। हमने पर्याप्त मौके बनाए। हम इस समय सही दिशा में काम कर रहे हैं। यह एक मैच में काम करता है और दूसरे मैच में नहीं।' उन्होंने कहा, 'ऐसा होता है, यह सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ होता है, लेकिन मुझे गर्व है कि लड़कों ने अच्छा खेल दिखाया। हमने पहले गोल गंवाया लेकिन फिर हमने गोल किए।'

भारतीय कोच ने कहा, 'हमने देखा और महसूस किया, और फिर तय किया कि हमें कुछ करना है। इसलिए यह सब संयम और जल्दबाजी नहीं करने के बारे में है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन हम अब भी उस स्तर पर नहीं पहुंचे हैं। जब हम वहां पहुंचेंगे तो यह बहुत अच्छा होगा।' दक्षिण अफ्रीका के इस कोच ने टीम के ऑलराउंड प्रदर्शन की प्रशंसा की।

### 'हमने मौकों का फायदा नहीं उठाया'

फुल्टन ने कहा, 'आप आंकड़े देखें। कोरिया के खिलाफ हमने 35 सर्कल में प्रवेश किया। हम निराश नहीं हैं, बस हमारे पास मौके थे लेकिन हमने उनका फायदा नहीं उठाया।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आज हमने सही संतुलन बनाए रखा। अच्छा बचाव, अच्छा दबाव, अच्छे पलटवार। तो यह एक अच्छा संयोजन था।'

### 'अंतिम चरण में परिणाम महत्वपूर्ण'

फुल्टन ने कहा कि टूनार्मेंट के अंतिम चरण में परिणाम मायने रखता है। उन्होंने कहा, 'टूनार्मेंट के अंत में या तो आपको परिणाम मिलता है या घर जाना होता है। यह एक तरह का क्वार्टर फाइनल है। या तो आप जीत दर्ज करते हैं या घर जाते हैं। कल हमारा मैच ड्रॉ रहा लेकिन हमारे पास एक लाइफलाइन थी और हम अगले दो मैच जीतना चाहते हैं, बस।' भारत शनिवार को अपने अंतिम सुपर चार मैच में चीन से भिड़ेगा।

# भारत अब खेलेगा तीसरे स्थान का मुकाबला, ताजिकिस्तान को पछाड़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ने ताजिकिस्तान और ईरान के बीच 2-2 की बराबरी के बाद हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के आधार पर सीएएफए नेशंस कप के तीसरे स्थान के मुकाबले में जगह बना ली। भारत ने दिन में पहले अफगानिस्तान के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था। हालांकि, टीम ने अपने पहले मैच में ताजिकिस्तान को 2-1 से हराया था और वही जीत कोच खालिद जमील की टीम के लिए निर्णायक साबित हुई।

### हेड-टु-हेड नतीजे से मिली भारत को बढ़त

भारत और ताजिकिस्तान दोनों के चार-चार अंक रहे, लेकिन हेड-टू-हेड नतीजे के कारण भारत ग्रुप-बी में दूसरे स्थान पर रहा। अब भारत तीसरे स्थान के लिए आठ सितंबर को खेलेगा। उसके प्रतिद्वंद्वी का फैसला शुक्रवार को ताशकंद में खेले जाने वाले ग्रुप-ए के दो मैचों के बाद होगा।

ईरान की ओर से मोहम्मद मोहबी (38, 47) ने दो गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई थी, लेकिन ताजिकिस्तान के शाहरोम सामीव (58) और जोइर जुराबोएव (78) ने दूसरे हाफ में गोल कर मैच बराबरी पर ला दिया। हालांकि यह नतीजा ताजिकिस्तान को टूनार्मेंट में आगे ले जाने के लिए पर्याप्त नहीं रहा। इससे पहले, भारतीय टीम कई मौकों को भुना नहीं सकी। अफगानिस्तान ने शुरूआत में आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन भारत ने काउंटर अटैक पर ज्यादा मौके बनाए। 15वें मिनट के बाद अशिके कुरुनियन ने बाईं ओर से किया और इरफान यादवड को पास दिया, लेकिन वह गोल करने में नाकाम रहे। 24वें मिनट में भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने अली रेजा पनाही के लॉन्ग शॉट को बेहतरीन तरीके से बचाया।

### मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त किया

71वें मिनट में अफगानिस्तान के यामा शेरजाद ने शानदार शॉट मारा, लेकिन संधू ने उसे क्रॉसबार पर टिप कर दिया। अंतिम समय में अफगानिस्तान ने दबाव बनाया, लेकिन भारतीय डिफेंस ने मजबूती से मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त किया। गौरतलब है कि भारत इससे पहले मार्च 2024 में वर्ल्ड कप क्वालिफायर में अफगानिस्तान से हार गया था।

### अशिके और जितिन ने बनाए मौके, लेकिन गोल नहीं हो पाया

34वें मिनट में अशिके ने अफगान डिफेंडर महबूब हनीफी से गेंद छीनकर गोल का मौका बनाया, लेकिन गोलकीपर फैसल अहमद हमीदी ने गेंद पकड़ ली। इस दौरान टक्कर होने पर अशिके को पीला कार्ड मिला। हाफ टाइम से पहले जितिन एमएस ने भी मौके बनाए, लेकिन गेंद गोलपोस्ट से बाहर चली गई। दूसरे हाफ में भारत ने ज्यादा नियंत्रण बनाया। कोच जमील ने मनवीर सिंह (जूनियर) और विक्रम प्रताप सिंह को मैदान में उतारा। 60वें मिनट में निकिल प्रभु का पास जितिन से थोड़ी दूरी पर चला गया। 66वें मिनट में उवैस की लंबी थ्रो पर जितिन का शॉट भी गोलपोस्ट के ऊपर चला गया।

# एनिसिमोवा का सुनहरा सफर जारी, ओसाका को हराकर अमेरिकी ओपन के फाइनल में, सबालेंका से खिताबी टक्कर





**वाशिंगटन।** अमरीकी टेनिस खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा ने यूएस ओपन महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में बड़ा उलटफेर करते हुए चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को 6-7 (4), 7-6 (3), 6-3 से मात दी। करीब तीन घंटे तक चले इस रोमांचक मुकाबले का अंत शुक्रवार तड़के एक बजे हुआ। एनिसिमोवा का ग्रैंडस्लैम में सुनहरा सफर जारी है और वह लगातार दूसरे ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले वह विंबलडन के फाइनल में भी पहुंची थीं, लेकिन इगा स्वियातेक से हार गई थीं। यूएस ओपन के फाइनल में उनका सामना गत चैंपियन और मौजूदा नंबर एक एरीना सबालेंका से होगा।

### ओसाका की लय टूटी, पहली बार नॉकआउट में हारीं

24 वर्षीय एनिसिमोवा, जो न्यू जर्सी में जन्मीं और फ्लोरिडा में पली-बढ़ीं, ने जीत के बाद उन्होंने कोर्ट पर घुटनों के बल बैठकर उत्साह जाहिर किया और कहा, 'मुझे भरोसा नहीं था कि मैं इसे खत्म कर पाऊंगी। मैंने काफी संघर्ष किया, यह बहुत बड़ी लड़ाई थी।' यह जीत खास इसलिए भी है क्योंकि इससे पहले ओसाका ग्रैंड स्लैम के क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल जैसे अहम मुकाबलों में कभी हारी नहीं थीं। उनका रिकॉर्ड 14-0 रहा था। इस हार ने उनके करियर की बड़ी लय को तोड़ा।

एनिसिमोवा के लिए यह सफर बेहद खास रहा है। 2019 में पहली बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद उन्होंने 2023 में मानसिक स्वास्थ्य और थकान की वजह से टूर से ब्रेक लिया था। पिछले साल वह टॉप-50 से बाहर थीं, लेकिन अब जोरदार वापसी कर रही हैं। मैच के दौरान दोनों खिलाड़ियों ने शानदार शॉट लगाए, हालांकि एनिसिमोवा ने निर्णायक पलों पर आक्रामक खेल दिखाया और 50 विनर्स लगाए, जो ओसाका से 18 ज्यादा रहे। अंततः यही बढ़त उनके काम आई और उन्होंने ओसाका के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

वहीं, सबालेंका ने दूसरे सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराया। सबालेंका के पास अब तक तीन ग्रैंड स्लैम खिताब हैं और सभी हार्ड कोर्ट पर आए हैं। सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले साल का यूएस ओपन फाइनल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था, लेकिन पेगुला इसका बदला चुकता करने में नाकाम रही। सबालेंका ने गुरुवार रात को अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अब पिछले 11 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में लगातार चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश करेंगी।

### जीत के बाद खुशी से चीख पड़ीं नंबर-एक सबालेंका

मैच समाप्त होने के बाद सबालेंका अपनी एड़ियों पर पीछे हटीं, अपनी बाहें फैलाईं और चीख पड़ीं। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत भावुक हो गई थी। मैं बस यही सोच रही थी- हे भगवान, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कृपा करके इस मैच को जल्दी से समाप्त करो। मैं मैच के दौरान हर अगले अंक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी।'

# बेटियों ने बढ़ाया भारत का मान, एशिया कप के शुरूआती मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया



**नई दिल्ली।** हॉकी एशिया कप में भारत का दबदबा देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां पुरुष टीम का अजेय सिलसिला जारी है और टीम फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है, तो दूसरी ओर भारतीय महिला हॉकी टीम ने दमदार शुरूआत की है। चीन में खेले जा रहे हॉकी वूमेंस एशिया कप टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने थाईलैंड को 11-0 से हरा दिया।

भारतीय महिला हॉकी टीम की ओर से मुमताज खान, उदिता और ब्यूटी डुंग डुंग ने -दो गोल किए। मुमताज खान ने 7वें और 49वें, उदिता ने 30वें और 52वें और ब्यूटी डुंग डुंग ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किया। इसके अलावा संगीता कुमारी ने 10वें, नवनीत कौर ने 16वें , लालरेम्सियामी ने 18वें, शर्मिला देवी ने 57वें और रुतुजा दादासो पिसल ने 60वें मिनट में गोल किया।

पहले क्वार्टर में मुमताज खान (7वें मिनट) और संगीता कुमारी (10वें मिनट) के दो फील्ड गोलों की मदद से भारत ने दमदार शुरूआत की। इसके बाद भी भारत ने अपना दबदबा कायम रखा। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी आक्रामकता और बढ़ाते हुए तीन और गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर (16वें मिनट) और मिडफील्डर लालरेम्सियामी (18वें मिनट) ने लगातार दो फील्ड गोल दागे और उसके बाद उदिता (30वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके पहले हाफ का अंत शानदार तरीके से किया।

दूसरे हाफ में भी भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले किए और तीसरे क्वार्टर में उसे चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से ब्यूटी डुंग डुंग (45वें मिनट) ने 45वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। आखिरी क्वार्टर में मुमताज खान (49वें मिनट), उदिता (52वें मिनट) और शर्मिला देवी (57वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए।

# एक दशक बाद यूएस ओपन देखने पहुंचेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, पुरुष एकल के फाइनल में होंगे शामिल



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रविवार को यूएस ओपन पुरुष एकल फाइनल में शिरकत करेंगे। व्हाइट हाउस ने गुरुवार देर रात इस यात्रा की आधिकारिक पुष्टि की। ट्रंप रविवार दोपहर क्वीन्स, न्यूयॉर्क जाएंगे और मैच खत्म होते ही वॉशिंगटन लौट आएंगे। यह मुकाबला दोपहर दो बजे शुरू होगा। इस साल फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों का फैसला सेमीफाइनल मैचों के बाद होगा, जिसमें शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर, फेलिक्स औगर-अलियासिम, नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज शामिल हैं।

### एक दशक बाद वापसी

ट्रंप लंबे समय तक न्यूयॉर्क क्षेत्र के रियल एस्टेट कारोबारी और बाद में रियलिटी टीवी स्टार के रूप में यूएस ओपन के स्थायी दर्शक रहे। वह अक्सर आर्थर ऐश स्टेडियम की बालकनी में दिखते थे और कैमरों पर भी बार-बार नजर आते थे। हालांकि, 2015 में एक क्वार्टरफाइनल मैच के दौरान दर्शकों की हूटिंग के बाद से उन्होंने टूनार्मेंट का रुख नहीं किया। उस वक्त उन्होंने राष्ट्रपति चुनावी अभियान की शुरूआत की थी।

हाल के वर्षों में ट्रंप ने न्यूयॉर्क से दूरी बनाई है और ज्यादातर समय फ्लोरिडा स्थित अपने मार-ए-लागो एस्टेट में बिताया है। दिलचस्प बात यह है कि कभी उनकी कंपनी 'ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन' के पास यूएस ओपन में एक स्थाई सुइट हुआ करता था, जो आर्थर ऐश स्टेडियम में प्रसारण बूथ के बगल में था, लेकिन इसे 2017 में उनके राष्ट्रपति पद संभालने के बाद छोड़ दिया गया।

यूएस ओपन में उनकी वापसी उनकी एक और खासियत को दिखाती है। ट्रंप अपने घरेलू राष्ट्रपति दौरों को अक्सर नीतिगत घोषणाओं या राजनीतिक रैलियों से नहीं, बल्कि बड़े खेल आयोजनों और सप्ताहांत गोल्फ से जोड़ते रहे हैं। सुपर बाउल, डेटोना 500, यूएफसी फाइट्स, एनसीएए रेसलिंग चैंपियनशिप और फीफा क्लब वर्ल्ड कप जैसे कई बड़े इवेंट्स में वह दर्शक दीर्घा में देखे जा चुके हैं। हालांकि, भीड़ से उन्हें हमेशा समान प्रतिक्रिया नहीं मिली। कई बार उन्हें तालियों के साथ हूटिंग का भी सामना करना पड़ा।

### अमेरिकी राष्ट्रपति का आना असामान्य

हालांकि, ट्रंप पहले भी यूएस ओपन से जुड़े रहे हैं, लेकिन किसी सिटिंग (कार्यरत) अमेरिकी राष्ट्रपति का टूनार्मेंट देखना दुर्लभ माना जाता है। आखिरी बार ऐसा 2000 में हुआ था जब तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन यूएस ओपन पहुंचे थे। पिछली बार 2023 में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ने टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह में शिरकत की थी।

विशेषज्ञ मानते हैं कि ट्रंप की यह यात्रा सिर्फ एक खेल आयोजन में शिरकत भर नहीं है, बल्कि यह उनकी राजनीति और जनसंपर्क रणनीति का हिस्सा भी है। चुनावी माहौल में खेल आयोजनों में उनकी मौजूदगी उन्हें सीधे आम जनता से जोड़ने का मौका देती है। यूएस ओपन जैसे प्रतिष्ठित आयोजन में उनकी मौजूदगी चर्चा का विषय बनने तय है।

# फाइनल से पहले थमा युकी भांबरी का सफर, सपना टूटा पर रचा भारतीय टेनिस इतिहास



**नई दिल्ली।** भारत के टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी का यूएस ओपन 2025 का सफर सेमीफाइनल में थम गया। 33 वर्षीय भांबरी और उनके न्यूजीलैंड के जोड़ीदार माइकल वीनस पुरुष युगल वर्ग के अंतिम-4 में इंग्लैंड की जोड़ी जो सेलिसबरी और नील स्कूप्स्की से 7-6 (7-2), 6-7 (5-7), 4-6 से हार गए।

### इंग्लैंड की जोड़ी सेलिसबरी-स्कूप्स्की से हारे भांबरी-वीनस

यह मुकाबला लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में खेला गया और तीन सेट तक चला। पहला सेट बेहद रोमांचक रहा। भांबरी-वीनस की जोड़ी ने आठवें गेम में ब्रेक लेकर 5-3 की बढ़त बनाई, लेकिन इंग्लिश जोड़ी ने शानदार वापसी कर सेट को टाईब्रेकर तक खींचा। यहां भारतीय-न्यूजीलैंड जोड़ी ने दमदार खेल दिखाते हुए 7-2 से जीत हासिल की।

दूसरे सेट में भी भांबरी-वीनस ने शुरूआत में बढ़त बनाई और पहले ही गेम में ब्रेक हासिल किया। हालांकि छठे गेम में वे अपना सर्विस गंवा बैठे और मुकाबला बराबरी पर आ गया। 10वें गेम में भी इंग्लिश जोड़ी के पास ब्रेक का मौका था, लेकिन भांबरी-वीनस ने बचा लिया। सेट एक बार फिर टाईब्रेकर में गया और इस बार सेलिसबरी-स्कूप्स्की ने 7-5 से बाजी मार ली। निर्णायक सेट में ब्रिटिश खिलाड़ियों ने पहले ही गेम में ब्रेक हासिल कर दबाव बना दिया और 6-4 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

भांबरी के लिए यह ग्रैंडस्लैम का अब तक का सबसे यादगार अभियान रहा। उन्होंने पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। क्वार्टर फाइनल में भांबरी-वीनस की जोड़ी ने क्रोएशिया के निकोला मेक्टिच और भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी राजीव राम को 6-3, 6-7 (8), 6-3 से हराया था। इस जीत ने उन्हें लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना जैसे दिग्गजों की श्रेणी में ला खड़ा किया, जिन्होंने ग्रैंडस्लैम युगल में देश का नाम रोशन किया है।

### भांबरी को इन खिताबों का अनुभव

युकी भांबरी अब तक भारत को दो एशियाई खेलों के पदक दिला चुके हैं। उन्होंने 2014 के इंचियोन एशियाड में दो कांस्य पदक जीते थे। जूनियर स्तर पर वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के चैंपियन रह चुके हैं, हालांकि सीनियर स्तर पर उन्हें उतनी सफलता नहीं मिली। यूएस ओपन का यह अभियान उनके करियर का अब तक का सबसे बड़ा मील का पत्थर साबित हुआ, भले ही फाइनल से पहले उनका सफर थम गया हो।

### बोपन्ना के बाद फिर चमका भारतीय युगल टेनिस

यह उपलब्धि इसलिए भी खास रही क्योंकि पिछले वर्ष फ्रेंच ओपन के बाद पहली बार कोई भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम युगल के सेमीफाइनल तक पहुंचा। 2024 में रोहन बोपन्ना ने फ्रेंच ओपन के अंतिम-4 में जगह बनाई थी। भांबरी और वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने में दो घंटे 37 मिनट का संघर्ष करना पड़ा था।

# शिक्षक दिवस पर गाजियाबाद में 20 शिक्षकों को सम्मानित किया गया





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, गाजियाबाद के सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का सीधा प्रसारण लखनऊ से देखा गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, माध्यमिक शिक्षा मंत्री और बेसिक शिक्षा मंत्री की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

गाजियाबाद के बीएसए कार्यालय सभागार में इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा और शिक्षक एमएलसी श्रीचंद शर्मा मुख्य अतिथि रहे। दोनों अतिथियों ने जनपद के 20 एसआरजी और एआरपी को शिक्षा के प्रचार-प्रसार में योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की गरिमा में डीआईओएस धर्मेंद्र कुमार और एडीआईओएस जय सिंह भी शामिल रहे। विधायक संजीव शर्मा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और सम्मानित शिक्षकों को और अच्छा करने की प्रेरणा दी।

वहीं, शिक्षक एमएलसी ने शिक्षकों की मेहनत, लगन और क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी देश की पहचान उसके शिक्षकों से होती है।

# शिवशक्ति धाम डासना में होगा पूर्व मुस्लिम समुदाय का महाधिवेशन

## मुख्यालय के लिए देवबंद में अपनी जमीन देंगे महंत यति

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डासना शिवशक्ति धाम के महंत महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूर्व मुस्लिम समुदाय की रक्षा का आग्रह किया है। आज शिवशक्ति धाम डासना में शुक्रवार को सलीम वास्तिक और हाफिज अहसान ने शिवशक्ति महंत यति नरसिंहानंद से मुलाकात कर शिवशक्ति धाम डासना में दो दिवसीय पूर्व मुस्लिम समुदाय के महाधिवेशन करने की अनुमति मांगी। उन्होंने अपनी सुरक्षा के प्रति खतरों से यति जी को अवगत कराया।



महंत यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने उन्हें ना केवल उन्हें शिवशक्ति धाम डासना में महाधिवेशन आयोजित करने की अनुमति प्रदान की बल्कि अधिवेशन की सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी भी ले ली।

सलीम वास्तिक और हाफिज अहसान ओपन माइंड के अनुरोध पर महंत यति नरसिंहानंद गिरी ने एक वीडियो जारी करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूर्व मुस्लिम समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निवेदन किया।

वीडियो में उन्होंने कहा कि पूर्व मुस्लिम समुदाय वर्तमान में संपूर्ण मानवता के लिए आशा की सबसे बड़ी किरण है। ये लोग अपने प्राणों की परवाह न करते हुए इस्लाम की सच्चाई संपूर्ण विश्व के सामने ला रहे हैं। इनकी और इनके मानवाधिकारों की हर कीमत पर रक्षा होनी चाहिए।

एक्स मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों के अनुरोध पर उन्होंने एक्स मुस्लिम समुदाय के मुख्यालय को बनाने के लिए देवबंद में अपनी भूमि उन्हें देने का आश्वासन दिया।

# ओपी राजभर के बयान से बवाल एबीवीपी और भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जताई आपत्ति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बयान से नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने हाल ही में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकताओं को लेकर टिप्पणी की थी, जिस पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए राजभर को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की है। अब गाजियाबाद लोनी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी इस विवाद में कूद गए हैं। नंद किशोर गुर्जर ने ओपी राजभर को पत्र लिखकर तुरंत माफी मांगने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सरकार में वरिष्ठ मंत्री होने के बावजूद एबीवीपी जैसे राष्ट्रीय संगठन को गुंडा कहना न केवल आपत्तिजनक है बल्कि देश की युवा शक्ति का अपमान भी है।

विधायक लोनी ने कहा कि एबीवीपी हमेशा छात्रहित और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर संवैधानिक दायरे में रहकर संघर्ष करती आई है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में एलएलबी कोर्स की मान्यता नवीनीकरण न होने से छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया था। इस मुद्दे पर परिषद और छात्र संगठनों ने शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया, बावजूद इसके कार्यकर्ताओं को गुंडा कहना निंदनीय है।

**लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने आगे आरोप लगाया कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं की आवाज दबाने का प्रयास कुछ समाजवादी मानसिकता वाले अधिकारियों ने किया है, जिससे सरकार की छवि धूमिल करने की कोशिश हुई है।**

### जमकर उठाई है विधायक ने विरोध वाली आवाज



**करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने आरोप लगाया कि यह पहला अवसर नहीं है, जब ओमप्रकाश राजभर ने विवादित और अमर्यादित टिप्पणियां की हैं। पहले भी वे शिवभक्त कांवड़ियों समेत कई मुद्दों पर ऐसे बयान दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के नाते वे भलीभांति जानते हैं कि छात्र नेता कितने जिम्मेदार और संवेदनशील होते हैं। लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने आगे आरोप लगाया कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं की आवाज दबाने का प्रयास कुछ समाजवादी मानसिकता वाले अधिकारियों ने किया है, जिससे सरकार की छवि धूमिल करने की कोशिश हुई है।

# पश्चिम उप्र के सभी 4 मंडलों के प्रभारी बने मुनकाद ली और रविंद्र गौतम

## मेरठ मंडल की ली समीक्षा बैठक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत करने में जुटी बसपा अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर से पश्चिम उत्तर प्रदेश में मंडल प्रभारियों को बदल दिया है। बसपा अध्यक्ष ने मेरठ मंडल समेत चार मंडलों की जिम्मेदारी एक बार फिर से पूर्व सांसद मुनकाद अली को सौंप दी है। उनके साथ प्रभारी के रूप में रविंद्र गौतम को जिम्मेदारी दी है। पश्चिम उत्तर प्रदेश के तहत चार मंडल आते हैं। इनमें मेरठ, सहारनपुर, बरेली और मुरादाबाद मंडल शामिल है। इससे पहले के पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी चार मंडलों के प्रभारी सूरज सिंह जाटव और नौशाद अली को पूर्वांचल में भेजा गया है। पूर्व सांसद मुनकाद अली पहले भी मेरठ समेत चार मंडलों के प्रभारी रहे है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश का दायित्व मिलने के बाद मुनकाद अली ने शुक्रवार को मेरठ मंडल के जिलों के पदाधिकारियों की बैठक ली। फूलबाग मेरठ स्थित पश्चिम उप्र कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रभारी मुनकाद अली और रविंद्र गौतम ने सभी जिलों में बूथ और सेक्टर कमेटियों के गठन की समीक्षा की। बैठक में पाया गया कि मेरठ मंडल के कई जिलों में अभीतक बूथ और सेक्टर कमेटियों का गठन नहीं हो पाया है। मुनकाद अली ने सभी जिलाअध्यक्ष, जिला प्रभारियों और महानगर अध्यक्षों से अक्टूबर तक किसी भी सूरत में बूथ और सेक्टर कमेटियों के गठन का काम पूरा हो जाना चाहिए। मेरठ मंडल के तहत 6 जिले आते हैं।

इनमें बागपत, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड और गौतमबुद्धनगर शामिल है। गाजियाबाद जिले में हर विधानसभा में सेक्टर और बूथ कमेटियों का गठन कर लिया गया है। बसपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने कहा कि जिले की 5 विधानसभा क्षेत्रों में बूथ और सेक्टर कमेटियों का गठन पूरा हो गया है। इन कमेटियों के सदस्यों की बैठक भी हो चुकी है। इसकी पूरी रिपोर्ट मंडल प्रभारियों को दे दी गई है। पिछले एक साल के पश्चिम क्षेत्र के कई प्रभारी बदले गए। दरअसल, पिछले चुनाव में पश्चिम उत्तर प्रदेश में बुरी तरह हार झेल चुकी बसपा विधानसभा चुनाव से पहले ऐसे प्रभारियों की तलाश में है, जिसके पास अनुभव भी हो और पार्टी कार्यकताओं में लोकप्रिय भी हो। ऐसे में बसपा नेतृत्व को एक बार फिर से मुनकाद अली पर भरोसा जताना पडा है।

### मायावती ने 7 सितंबर को बुलाई है बैठक

**करंट क्राइम।** बसपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने 7 सितंबर को पूरे प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में मंडल प्रभारियों के अलावा जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी शामिल होंगे। लखनउ स्थित बसपा कार्यालय में होने वाली इस बैठक में बसपा अध्यक्ष मायावती पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देंगी। बसपा सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में बदलाव के बाद पहली बार प्रदेश स्तरीय बैठक में नेशनल कोर्डिनेटर आकाश आनंद भी पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। बता दें कि बसपा अध्यक्ष मायावती ने हाल ही में राष्ट्रीय कोर्डिनेटरों में बदलाव कर 6 राष्ट्रीय कोर्डिनेटर बनाए थे। आकाश आनंद को चीफ नेशनल कोर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई है।

# गुम हुई बच्ची को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए एक गुम हुई बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाया।

एसीपी वेव सिटी प्रियश्री पाल ने बताया है कि थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के क्रॉसिंग गोल चक्कर के पास लगभग 4-5 वर्ष की बच्ची अकेली घूमती हुई मिली। उम्र कम होने के कारण बच्ची सही-सही अपना पता नहीं बता पा रही थी। थाना स्तर पर तत्काल एक टीम गठित कर आसपास के लोगों से पूछताछ एवं अथक प्रयास किए गए। कुछ ही समय बाद पुलिस टीम ने बच्ची के परिजनों को खोज निकाला और बच्ची को सुरक्षित उन्हें सौंप दिया।

परिजनों ने बताया कि वे दोनों पति-पत्नी कपड़ों पर प्रेस करने का काम करते हैं। बच्ची खेलते-खेलते कहीं निकल गई थी, जिसे खोजने के लिए वे काफी प्रयास कर रहे थे। बच्ची के न मिलने से पूरा परिवार बेहद चिंतित और दुखी था। बच्ची के परिजनों ने पुलिस टीम का आभार जताया।

# पत्नी और ससुर के खिलाफ जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना बिसरख स्थित एप्पल रेजिडेंसी, शाहबेरी निवासी एक शख्स ने कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। रिपोर्ट में उन्होंने अपनी पत्नी पर ससुर के साथ मिलकर उन पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

पीडित मुशाहिद का कहना है कि 4 सितंबर को वे न्यायालय में तारीख पर आए थे। परिवार न्यायालय कोर्ट संख्या 4 में सुनवाई के बाद जैसे ही बाहर निकला तो वहां पहले से ही खडे ससुर गुलफाम, पत्नी परवीन और दो अन्य लोगों ने श्याम होटल के सामने उन पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया।

उन्होंने कहा कि उनके ससुर गुलफाम के हाथ में एक नुकीली चीज थी, जिससे उन पर हमला किया गया। सभी ने लात घुसों और नुकीली चीज से मारपीट की। इससे वे बेहोश हो गए और आसपास के लोगों और वकीलों ने उन्हें बचाया। मुशाहिद ने कहा कि होश में आने पर उन्होंने 112 पर फोन किया। पहले भी ससुर और पत्नी ने उन पर हमला किया था।

# स्कूल-कॉलेज स्तर पर यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान

## 2,900 छात्र-छात्राएं हुए लाभान्वित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूल और कॉलेज स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान एस.डी. इंटर कॉलेज, विद्या बाल मंदिर, फातिमा इंटर कॉलेज, रियान इंटरनेशनल स्कूल, सरदार पटेल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल और नेशनल पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) व यातायात निरीक्षकगण ने स्वयं पहुंचकर लगभग 2,900 छात्र-छात्राओं और स्टाफ को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को सड़क पार करने की सावधानियों, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन न चलाने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे बिंदुओं पर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में गुड सेमेरिटन योजना की जानकारी भी दी गई, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले नागरिक को शासन द्वारा 25,000 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) सच्चिदानंद ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य भविष्य के जिम्मेदार नागरिक तैयार करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। यातायात नियमों के प्रति शत-प्रतिशत जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगामी दिनों में भी लगातार जारी रहेगा।




## अतिक्रमण अभियान में चौकी प्रभारियों की जिम्मेदारी हो तय

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों अतिक्रमण को लेकर लगातार अभियान चल रहे हैं। कभी सिविल पुलिस एक्शन में नजर आती है, तो कभी ट्रैफिक पुलिस वाले नया संदेश दे रहे हैं। कुल मिलाकर इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के तीनों ही जोन में अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। कहीं नोटिस जारी किए जा रहे हैं, तो कहीं पुलिस के अधिकारी काले चश्मे के साथ ग्लैमर और तेवर दिखा रहे हैं। वहीं कोई पुलिस अधिकारी दुकानदारों को चेतावनी दे रह है, तो कोई सबक भी सिखा रहा है। कुल मिलाकर सबका मकसद एक ही है कि अतिक्रमण कम से कम हो और यातायात की व्यवस्था बेहतर हो जाए। इसी बीच सवाल उठ रहा है कि जब तक इस पूरे अभियान में स्थानीय चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी तय नहीं होती है, तब तक इसका कोई हल नहीं निकलने वाला है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बताते हैं कि बिना चौकी इंचार्ज और लोकल सिस्टम के कोई भी अतिक्रमण न तो बढ़ता है ना उसपर कार्रवाई होती है। सबसे पहले उन्हीं की नजर जाती है और वही रोकने, हटाने और बढ़ाने का जिम्मा लेते हैं। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम से पहले भी अतिक्रमण को लेकर बहुत बड़े-बड़े अभियान दावे और एक्शन लिए गए। अभियान जहां से शुरू होते हैं, वहीं कुछ दिनों बाद ठहरे हुए नजर आते हैं। वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट में अभियानों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस के अधिकारियों से लेकर उनके नीचे वाले पुलिसकर्मी कहीं पर भी कहते सुने जा सकते हैं कि उनपर पुलिसिंग का लोड बढ़ चुका है। उनको अब कागजी कार्रवाई से लेकर बेहतर पुलिसिंग के परिणाम देने पड़ रहे हैं। जिसको लेकर वह ओवरलोड चल रहे हैं। इसी का नतीजा बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में जो भी अभियान शुरू होते हैं, वह जितनी प्रमुखता के साथ आते हैं, उतनी ही प्रमुखता के साथ खो जाते हैं। पुलिस के ही सूत्रों का कहना है कि कारण पुलिस कर्मियों पर बढ़ रहा अभियानों का प्रेशर और उनकी टेंशन रहती है। उधर अगर अतिक्रमण वाले अभियान को सफल बनाना है ,तो अब साहब को चौकी प्रभारियों पर एक्शन जिम्मेदारी और मॉनिटरिंग सबसे पहले करनी होगी। इसके लिए बकायदा जोन वाले अफसर व सर्किल वालों की रिपोर्ट भी लेनी होगी।



# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में बाढ से राहत नहीं

## पुस्ता रोड पर आया पानी, कई हजार परिवार प्रभावित

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में बाढ का पानी लगातार बढता जा रहा है। पानी बढने के साथ ही प्रशासन की चिंताएं भी बढने लगी है। बाढ पीडितों की राहत के लिए प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था अब कम पडने लगी है। वहीं, बाढ के पानी को रोकने के लिए बनाए गए पुस्ता रोड पर भी पानी आ गया। सेक्टर-126 से सेक्टर-135 तक बना पुस्ता रोड पूरी तरह डूब गया। पुस्ता रोड पर पानी आने से कई हजार परिवार प्रभावित हो गए है। हथिनीकुंड बैराज से पानी छोडे जाने से नोएडा-ग्रेटर नोएडा में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। बाढ का पानी गांवों तक पहुंच गया है।



नोएडा अथॉरिटी और प्रशासन की ओर से सेक्टर-130 से 135 तक कई कैंप लगाए गए है। लेकिन ये कैंप भी अब कम पडने लगे हैं। गुरुवार शाम को तेज बारिश से कैंप के तिरपाल फट गए, जिससे लोगों को खुले में रहने को मजबूर होना पडा।

नोएडा अथॉरिटी की ओर से बाढ पीडितों के लिए सेक्टर-135 और 150 के पास बख्तावरपुर, छपरौली, कोंडली, नंगली वाजिदपुर, नंगला नगली और झट्टा गांव के बरातधर में आठ राहत शिविर बनाए है। इन शिविरों में खानपान की व्यवस्था भी की गई है। वहीं, नोएडा-ग्रेटर नोएडा में हिंडन का पानी भी बढ रहा है।

# टक्कर लगने पर स्कूटी सवार महिला ने कार चालक को हेलमेट से दिया दे दना दन, वीडियो वायरल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कार की टक्कर लग जाने के बाद स्कूटी सवार महिला ने कार चालक की जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, उन्होंने कार के शीशे भी तोड दिए। घटना मुरादनगर की है। जानकारी के अनुसार, महिला स्कूटी से कही जा रही थीं।



तभी एक कार ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे महिला गिर गई। महिला के गिरते ही कार चालक कार से बाहर आ गया। इतने में महिला ने अपना हेलमेट निकाला और कार चालक पर दनादन बरसा दिए। महिला जब कार चालक को हेलमेट से पीट रही थी तो आसपास के लोग इस नजारे को देखने में मशगूल थे। महिला ने हेलमेट से कार के शीशे भी तोड दिए। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जबर्दस्त वायरल हो रहा है।



# ट्रंप ने तकनीक के दिग्गजों को दी डिनर पार्टी



**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में तकनीक के दिग्गजों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया। इस रात्रिभोज में अमेरिका के बड़े-बड़े दिग्गज शुमार हुए। हालांकि हैरान करने वाली बात ये रही कि एक समय राष्ट्रपति ट्रंप के बेहद करीबी रहे और उनकी सरकार में सरकारी दक्षता विभाग की अहम जिम्मेदारी निभाने वाले दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क इस पार्टी में शामिल नहीं हुए**

## मस्क रहे नदारद

**वॉशिंगटन ।** वहीं एलन मस्क के विरोधी और ओपनएआई के संस्थापक सैम ऑल्टमैन इस रात्रिभोज में शामिल हुए।

### एआई तकनीक को लेकर हुई बैठक

यह कार्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक से संबंधित था और इसमें एआई से जुड़ा एक शोध प्रस्तुत किया गया। साथ ही इस बैठक में अमेरिकी कंपनियों द्वारा अमेरिका में किए जा रहे निवेश पर भी चर्चा हुई। ट्रंप ने कहा कि एआई हमारे देश को एक नए स्तर पर ले जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल हुए कई सीईओ, ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए। दुनिया के कुछ सबसे सफल उद्मियों के साथ ट्रंप बेहद खुश दिखे। ट्रंप ने कंपनियों द्वारा किए जा रहे रिसर्च और नवाचार की तारीफ की। साथ ही तकनीकी प्रगति पर बात की।

ट्रंप ने सीईओ से पूछा- अमेरिका में कितना निवेश कर रहे बैठक में ट्रंप ने विभिन्न सीईओ से उनकी कंपनियों द्वारा अमेरिका में किए जा रहे निवेश पर भी सवाल किए। ट्रंप ने मार्क जुकरबर्ग से पूछा कि उनकी कंपनी अमेरिका में कितना निवेश कर रही है, इस पर जुकरबर्ग ने जवाब दिया कि 600 अरब अमेरिकी डॉलर। एपल के टिम कुक ने भी यही कहा। गूगल के सुंदर पिचाई ने बताया 250 अरब डॉलर। इस पर ट्रंप ने माइक्रोसॉफ्ट के निवेश के बारे में पूछा तो कंपनी के सीईओ सत्या नडेला ने कहा कि उनकी कंपनी हर साल अमेरिका में 80 अरब डॉलर निवेश कर रही है। इस पर ट्रंप ने खुशी जताई।

एलन मस्क नहीं हुए शामिल कार्यक्रम में मस्क की गैरमौजूदगी कई लोगों को खली, क्योंकि मस्क कभी ट्रंप के बेहद करीबी थे, लेकिन बाद में एक विधेयक को लेकर दोनों के रिश्तों में तल्खी आ गई और बात इतनी बढ़ी कि दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर बयानबाजी की। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में मस्क के प्रतिद्वंद्वी और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पेमेंट प्रोसेसिंग कंपनी शिफ्ट4 के प्रमुख जेरेड इसाकमैन भी शामिल हुए। व्हाइट हाउस ने बताया कि रात्रिभोज की अतिथि सूची में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स, गूगल के संस्थापक सर्गेई ब्रिन,

# जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क के अगले मेयर बन सकते हैं

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें लगता है कि डेमोक्रेट पार्टी के उम्मीदवार जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर के अगले मेयर बन सकते हैं, लेकिन उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे तीन प्रमुख उम्मीदवारों में से दो को दौड़ से बाहर होना पड़ेगा। हालांकि ट्रंप ने ये नहीं बताया कि वे दो उम्मीदवार कौन से होंगे। गुरुवार रात एक कार्यक्रम में जब एक रिपोर्टर ने ट्रंप से पूछा कि क्या उन्होंने दौड़ में शामिल किसी उम्मीदवार को दौड़ से बाहर होने के लिए कहा, तो ट्रंप ने इससे इनकार किया।







ट्रंप ने कहा कि 'मुझे नहीं लगता ममदानी तब तक जीत सकते हैं, जब तक कि मुकाबला सिर्फ दो लोगों के बीच न हो। ममदानी ने थोड़ी बढ़त बना ली है, मुझे नहीं पता कि ये कैसे हुआ।' 33 वर्षीय ममदानी जून में हुए ड्रेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में पूर्व मेयर एंड्रयू कुओमो को हराकर सभी को हैरान कर दिया था। हालांकि कुओमो अब भी चुनाव मैदान में हैं और वे निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा मौजूदा मेयर एरिक एडम्स भी चुनाव मैदान में हैं, जिससे न्यूयॉर्क मेयर पद का चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है। 33 वर्षीय जोहरान न सिर्फ अमेरिका के सबसे बड़े शहर में मेयर बनने की दौड़ में हैं, बल्कि अगर वो जीतते हैं तो वो न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम और पहले भारतीय-अमेरिकी सबसे युवा मेयर बनेंगे। जोहरान का जन्म युगांडा की राजधानी कंपाला में हुआ था। उनके माता-पिता भारतीय मूल के हैं। जोहरान की मां मीरा नायर एक मशहूर फिल्म निमार्ता हैं, जिन्होंने 'मानसून वेडिंग', 'द नेमसेक' और 'मिसिसिपी मसाला' जैसी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों का निर्देशन किया है।

# अफगानिस्तान में नौ घंटे में पांच बार कांपी धरती
## रिक्टर स्केल पर अधिकतम तीव्रता 5.8

**काबुल ।** अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बीते नौ घंटे में यहा भूकंप के पांच झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 7.46 बजे 4.6 तीव्रता का भूकंप आया। इससे कुछ ही घदेर पहले यहां 5.2 तीव्रता के झटके लगे थे। इससे पहले बृहस्पतिवार आधी रात के बाद करीब 3:16 बजे 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले रात 11.58 बजे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 मापी गई।





बता दें कि 4.1 तीव्रता के भूकंप से चंद मिनट पहले भी धरती कांपी थी, जिसकी तीव्रता 5.8 मापी गई। इस तरह 24 घंटे से भी कम समय में चार झटके लगे और पांच घंटे के भीतर तीन बार धरती कांपी। रिक्टर स्केल पर 5.8 तीव्रता का भूकंप इससे करीब आधे घंटे पहले लगे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई। भूकंप के झटके काबुल से पूर्वी दिशा में लगभग 133 किमी दूर आए। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की गहराई 160 किमी रही।

बृहस्पतिवार को कई बार लगे भूकंप के झटके इससे पहले आज दिन में भी भूकंप के झटके महसूस किए थे। जिसकी तीव्रता 4.8 थी। भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई में आया था। बता दें कि 4 सितंबर की सुबह 10:40 बजे भी भूकंप आया था, जिसमें अब तक 2200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

अफगानिस्तान में लगभग आधी रात भी कांपी धरती वहीं, बुधवार देर रात भी यहां 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप दर्ज किया गया था, जिससे आफ्टरशॉक का खतरा बढ़ गया था। '' पर एक पोस्ट में ठउर ने बताया कि अफगानिस्तान में रात 23:53 बजे 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### 31 अगस्त की रात आए भूकंप ने मचाई तबाही

इस बीच खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व खाद्य कार्यक्रम (हत्रह्र) ने अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित कुनार और नंगरहार प्रांतों में आपातकालीन सहायता भेजी है, जहां 2205 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। शुरूआती सहायता सामग्री में खाद्य सामग्री और उच्च-ऊर्जा वाले बिस्कुट शामिल हैं।

# नेपाल में बड़ा डिजिटल स्ट्राइक फेसबुक-यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बंद



**नेपाल सरकार ने फेसबुक, ट्विटर (एक्स), यूट्यूब समेत कुल 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बंद करने का फैसला किया है। यह निर्णय मंत्रि परिषद की बैठक तथा सुप्रीम कोर्ट के परमादेश के कार्यान्वयन स्वरूप सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को लिया**

**काठमांडो ।** सूत्रों के अनुसार मंत्रालय में हुई बैठक में नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण को इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को तत्काल प्रभाव से बंद करने के लिए पत्राचार किया गया है।

यदि ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नेपाल में आधिकारिक रूप से पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करते हैं तो उन्हें क्रमशः पुनः संचालन की अनुमति दी जाएगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बिना अनुमति संचालित सोशल मीडिया, ओवर द टॉप एप्स और इंटरनेट ब्राउजर के माध्यम से विज्ञापन सहित प्रसारित सामग्री पर रोक लगाने तथा इनके नियमन हेतु आवश्यक कानून बनाने का आदेश सरकार को दिया था।

जस्टिस टेकप्रसाद ढुंगाना और जस्टिस शांति सिंह थापा की पीठ ने बुधवार को यह परमादेश जारी करते हुए कहा था कि विदेशी प्रसारण संस्थाओं को नेपाल में प्रसारण के लिए अनुमति लेनी होगी तथा सरकार को इसके लिए कानून निर्माण करना अनिवार्य है।

# सीएम स्टालिन ने ऑक्सफोर्ड में पेरियार के चित्र का अनावरण किया बोले- उनके तर्कवाद से पूरी दुनिया चमकी

**ऑक्सफोर्ड ।** कार्यक्रम के दौरान स्टालिन ने कहा कि 'पेरियार के चित्र का ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में, जो ज्ञान, मानवाधिकार और गरिमा का पर्याय है, अनावरण करना सबसे यादगार क्षण है और बड़े ही सम्मान की बात है। अब पेरियार का तर्कवाद तमिलनाडु के पार जाकर पूरी दुनिया में अपनी चमक बिखेर रहा है।' स्टालिन ने बताया कि करीब 40 साल पहले भी डीएमके ने ऑक्सफोर्ड में पेरियार के जन्म शताब्दी वर्ष का उत्सव मनाया था। स्टालिन ने कहा कि पेरियार के दर्शन का मतलब आत्मसम्मान, तर्कवाद, सामाजिक न्याय, लिंग समानता, वैज्ञानिक सोच, महिलाओं का उत्थान और धर्मनिरपेक्ष



राजानीति होता है।

कानून बनने से पहले विधवा विवाह जैसे सुधारों का दिया विचार स्टालिन ने कहा कि पेरियार के सुधारवादी विचार अपने समय से पहले के थे। पेरियार ने अंतरजातीय विवाह, विधवा विवाह, दलितों की मंदिरों में एंट्री, शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण, महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिलाने पर कानून बनने से बहुत पहले

**तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने ब्रिटेन की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑक्सफोर्ड में समाज सुधारक ई.वी रामासामी पेरियार के चित्र का अनावरण किया। आत्म सम्मान आंदोलन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सीएम स्टालिन ने भी शिरकत की**

इनका समर्थन किया था। तमिलनाडु सीएम ने कहा कि तमिलनाडु में अकाल के चलते कोई मौत नहीं होती। राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग के साथ ही सामाजिक विकास में भी आगे है। यही पेरियार की असल जीत है। स्टालिन ने अपील की कि पेरियार की किताबों को विभिन्न भाषाओं में अनुवादित किया जाए, ताकि उनके तर्कवाद, समानता और सामाजिक न्याय के विचारों से दुनिया वाकिफ हो सके।

# श्रीलंका बस दुर्घटना 1000 फीट से ज्यादा गहरी खाई में गिरी





## 15 लोगों की मौत

**कोलंबो ।** दक्षिणी श्रीलंका के उवा प्रांत के बादुल्ला जिले में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 15 अन्य घायल भी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 9 बजे दक्षिणी शहर तांगाले से 30 से ज्यादा लोगों का एक समूह पिकनिक पर निकला था। तभी उनकी बस एला शहर में 1000 फीट से ज्यादा गहरी खाई में गिर गई।

**सामने से आ रही जीप से टकरा गई थी बस**ःजानकारी के मुताबिक, बस सड़क की रेलिंग से टकराने और नीचे गिरने से पहले एक सामने से आ रही जीप से टकरा गई थी। मृतकों में नौ महिलाएं शामिल हैं। ये सभी तांगाले शहरी परिषद की कर्मचारी थीं।

कई की हालत गंभीर रिपोर्ट के अनुसार, सेना, पुलिस, आपदा प्रबंधन दल और स्थानीय निवासियों की ओर से बचाव कार्य किया गया। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को बादुल्ला टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# राष्ट्रपति माइली के एजेंडे को बड़ा झटका, सीनेट में विकलांगता से लाभ पर वीटो 63-7 से खारिज

**ब्यूनस आयर्स ।** अर्जेंटीना की सीनेट ने राष्ट्रपति जेवियर माइली के विकलांगता लाभ बढ़ाने वाले कानून पर लगाया गया वीटो खारिज कर दिया है। यह माइली के राष्ट्रपति पद के दौरान पहली बार कांग्रेस द्वारा उनके वीटो को उलटने वाला मामला है। उच्च सदन ने 63-7 के बहुमत से इस फैसले को मंजूरी दी, जो जरूरी दो-तिहाई से कहीं अधिक है।





मीडिया रिपोर्ट की माने तो विकलांगता लाभ बढ़ाने वाले इस नए कानून से देश के खर्च में बढ़ोतरी होगी, लेकिन इसके समर्थक इसे विकलांग परिवारों के जीवन के लिए जरूरी मानते हैं। सीनेटर अलेजांद्रा विगो ने कहा कि यह खर्च परिवारों के लिए जीवन और निराशा के बीच का फर्क तय करेगा। देखा जाए तो यह हार माइली के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि उनकी सरकार पहले से ही भ्रष्टाचार के एक मामले और कमजोर होती अर्जेंटीना की मुद्रा पेसो से जूझ रही है। खासकर, उनके करीबी लोगों पर विकलांगता एजेंसी में रिश्वत लेने के आरोप लगे हैं। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए ब्याज दरें बढ़ानी पड़ी हैं।

कानून बनने से पहले विधवा विवाह जैसे सुधारों का दिया विचार स्टालिन ने कहा कि पेरियार के सुधारवादी विचार अपने समय से पहले के थे। पेरियार ने अंतरजातीय विवाह, विधवा विवाह, दलितों की मंदिरों में एंट्री, शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण, महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिलाने पर कानून बनने से बहुत पहले इनका समर्थन किया था। तमिलनाडु सीएम ने कहा कि तमिलनाडु में अकाल के चलते कोई मौत नहीं होती। पिछले महीने किए थे ये प्रस्ताव पासः बता दें कि पिछले महीने भी सीनेट ने स्वास्थ्य सेवा और विश्वविद्यालयों पर खर्च बढ़ाने वाले दो अन्य बिल पास किए थे, जो माइली के बजट संतुलन की योजना के लिए चुनौती हैं। कई सर्वेक्षणों में उनकी लोकप्रियता 40 प्रतिशत से नीचे गिर गई है, जिससे उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

अर्जेंटिना में प्रांतीय चुनाव से बाजार में हलचल अर्जेंटीना में आर्थिक अनिश्चितता के बीच, रविवार को ब्यूनस आयर्स में प्रांतीय चुनाव होने जा रहे हैं, जो राष्ट्रीय राजनीति पर ज्यादा असर नहीं डालेंगे, लेकिन बाजारों में हलचल बढ़ा सकते हैं। कारण है कि राष्ट्रपति माइली की पार्टी ह्यला लिबर्टाड अवांजाह्न के पास संसद में बहुत कम सीटें हैं, इसलिए उन्हें अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए और समर्थन जुटाना होगा।

# ब्रिटेन की डिप्टी पीएम एंजेला रेनर ने पद से दिया इस्तीफा जांच में टैक्स घोटाले का खुलासा होने पर छोड़ा पद

**लंदन ।** पीएम स्टार्मर को एंजेला रेनर ने भेजा इस्तीफा एंजेला रेनर ने स्वीकार किया था टैक्स घोटाला बुधवार को एंजेला रेनर ने स्वीकार किया था कि उन्होंने इंग्लैंड के दक्षिणी तट में मौजूद हव इलाके में खरीदे गए एक फ्लैट पर सही टैक्स नहीं भरा। इसके बाद उन्होंने खुद को मंत्री नैतिकता मानकों के स्वतंत्र सलाहकार लॉरी मैग्नस के पास जांच के लिए भेजा।



करीब 42 लाख का किया टैक्स घोटाला लॉरी मैग्नस ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को सौंपी। इस रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि एंजेला रेनर ने 'स्टॉम्प ड्यूटी' नाम का टैक्स कम भरा, जिससे उन्हें करीब 40,000 पाउंड (लगभग 42 लाख रुपये) का फायदा हुआ। बता दें कि ब्रिटेन में किसी भी संपत्ति की खरीद पर टैक्स लगाया जाता है, जो महंगी या दूसरी संपत्तियों पर और ज्यादा होता है।

लेबर सरकार में संभाल रही थीं हाउसिंग मामलों की जिम्मेदारी एंजेला रेनर लेबर सरकार में हाउसिंग (आवास) मामलों की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। वह अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं और अक्सर टैक्स चोरी करने वालों, खासकर पिछली कंजरवेटिव सरकार के नेताओं की कड़ी आलोचना करती रही हैं। जुलाई 2024 में सत्ता में आई लेबर सरकार के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है।

**ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह कदम उस स्वतंत्र जांच रिपोर्ट के बाद उठाया गया, जिसमें पाया गया कि उन्होंने हाल ही में खरीदी गई संपत्ति पर टैक्स सही तरीके से नहीं चुकाया और इस तरह सरकारी मंत्रियों के लिए तय नैतिक मानकों का पालन नहीं किया**

# इंदिरापुरम यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल में ओणम पर्व का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल में शुक्रवार को ओणम पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर सीएमडी पीएन अरोड़ा में कहा कि ओणम पर्व केरल का एक प्रमुख त्योहार है, जो फसल कटाई के मौसम में मनाया जाता है। यह पर्व भगवान विष्णु के वामन अवतार को समर्पित है और इस दिन लोग अपने घरों को सजाते हैं, नए कपड़े पहनते हैं और पारंपरिक भोजन का आनंद लेते हैं।

यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल में ओणम पर्व का आयोजन कर्मचारियों और मरीजों के लिए किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा ने कहा कि ओणम पर्व हमें एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। ओणम पर्व के अवसर पर हॉस्पिटल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें पारंपरिक नृत्य, संगीत और खेल शामिल थे। इस अवसर पर हॉस्पिटल के कर्मचारी और मरीजों ने मिलकर पर्व का आनंद लिया।

## समाजवादी शिक्षक सभा ने शिक्षक दिवस पर किया गुरुजनों का सम्मान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला एवं महानगर समाजवादी शिक्षक सभा गाजियाबाद द्वारा आज दिनांक 5 सितंबर 2025 को समाजवादी पार्टी कार्यालय, 4 आरडीसी राजनगर में महान दार्शनिक, शिक्षाविद और भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव की मौजूदगी रही। इस अवसर पर गुरुजनों को माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी ने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेने तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

सभा के पदाधिकारियों ने समाज में सद्भाव, प्रेम और भाईचारे का वातावरण बनाने तथा अहंकार और नफरत का समूल नाश करने की प्रतिज्ञा की। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को भी साझा किया गया, जिसमें उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण की धुरी बताते हुए सभी गुरुजनों को नमन किया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी मिस्टर गोयल कोई बात कहते हैं तो हम उनकी बात की करते हैं बहुत ज्यादा केयर ? हमें जानकारी मिली है कि वो चौधरी साहब को अभी से मान चुके हैं डिप्टी मेयर ? उन्होंने कहीं पर दिया है ये संदेश, पार्टी ने उपर ही तय कर लिया है ये वाला फेस ?जैसे ही होगा चुनाव, वैसे ही सामने आएगा चौधरी साहब का फेस ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा के वरिष्ठ नेता यूं ही नहीं कहते हैं कोई बात? जब भी वो देते हैं कोई संदेश उसके पीछे जुड़ा होता है कोई ना कोई केस? हाल ही में उन्होंने नदिया पार की भगवा पहाड़न मैम्बर पर उठाये हैं सवाल? दिया था कहीं पर संदेश? कुछ चाहतों के पीछे तैयार करती हैं शिकायतों का जाल? बस इनका रहता है अर्थ पर ही फोकस? कभी ना कभी टूटेगा इनका ये कोकस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको एक बात चाहते हैं बताना? उस दिन काफी कुछ कह गये होर्डिंग वाले राघव के यहां पर आकर मिस्टर राणा? उन्होंने कहा हमारी पार्टी में अरमान यूं ही नहीं बंटते हैं? यहां विधायकों के नहीं मंत्रियों के टिकट कटते हैं? ये सब बताते हुए उन्होंने निकाल ली इतिहास की किताब? ये सब कहते हुए उनके चेहरे पर दिख रही थी गजब की मुस्कुराहट? ना जाने वो ये संदेश किस लिए दे रहे थे? इस बारे में तो वो ही बेहतर बता सकते हैं साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रही थी यहां पर मंत्रियों के टिकट कटने की कहानी? तब होर्डिंग वाले दीपक राघव ने भी सुना दी अपनी कहानी? कहा हम तो पीते हैं सिर्फ एक ही घाट का पानी? यूं ही आगे बढ़ रही है हमारी जवानी? वो कुछ दें तो भी है ठीक? ना दें तो भी है ठीक? हम राजनीति को खूंटे पर भी टांग सकते हैं? मगर उनके लिए अपने संबंधों को हम नहीं होने देंगे वीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यकारिणी चुनाव में एक केंडिडेट ने दस पेटी का किया हुआ था इंतजाम? वो ऐसा करके अपने विरोधियों को करना चाहते थे नाकाम? सुना है सत्ताधारी होते हुए ना जाने क्यों ये चेहरे करके चल रहे थे इतना जुगाड़? मगर हमें पता चला है इन्होंने कर लिया था 15 वोटों का इंतजाम? ताकि उनके सिस्टम के आगे कोई भी उनका खेल ना सके बिगाड़?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब तो बहुत दिन हो गये गेम फिनिशर स्वामी जी को विदेश से लिए हुए रिर्टन? मगर अभी तो वो अपना पुराना अंदाज नहीं दिखा रहे हैं यार? क्या अब मौका आ गया है कि वो ये गेम फिनिशर वाला तमगा किसी और के सीने पर लगा दें? या फिर करें कुछ और ही करार? कहने वाले ने कहा जब वो बोलते हैं तो अच्छे से अच्छे सह नहीं पाते हैं उनका वार? अब तो कर ली है उन्होंने विदेश से वापसी? अब तो कुछ खोले अपने मुख के द्वार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाल ही की बोर्ड बैठक में बोर्ड मैम्बर पवन गोयल ने जो उठाया है सवाल? हम सच बता रहे हैं ये सवाल भविष्य में बनेगा मिसाल? राधेश्याम पार्क के ले-आउट के प्लान में शामिल हैं कुछ सफेद पोश? सुना है चुप्पी धीरे-धीरे टूटेगी, उड़ेंगे कईयों के होश? कहने वाले ने कहा वैसे भी जब उठाते हैं पवन भैया कोई मुद्दा? तो हमने उड़ते देखे हैं अच्छे-अच्छों के होश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान की मुस्कुराहट का राज? ये मुस्कुराहट छुपाती है चेहरे पर दिखाई देने वाले कुछ अरमानों को? बस इस मुस्कुराहट का यही है राज? हम को तो अब होती है उनको लेकर फिक्र? हम सोच रहे हैं कि जब आयेगी कुछ देने की बेला? तब होगा क्या इस चेहरे का जिक्र? क्या वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब रखेंगे इस बार पर भी इनका ध्यान? कहने वाले ने कहा क्योंकि तीर भले ही पुराने हों? मगर बदलने वाली है अब ऊपर से नीचे तक कमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बात कह रहा हें साफ और सीधी? आजकल भाजपा में नहीं चल रहा चैनल डीडी? बहुत दिन हो गये, नहीं हो रहे हैं यादव जी के दीदार? इस तरह हमने उनको खामोश पहले तो देखा नहीं यार? हो सकता है वो कर रहे हों किसी तरह की बहार आने का इंतजार? मगर वेस्टर्न यूपी में यादवों पर पार्टी का फोकस कम है? शायद उनको कहीं नहीं लग गया इस बात का तो गम है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने लगाए हुए थे सपाईयों की बातों पर कान? वो खींच रहे थे अपनी बातों से पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी की ओर हमारा ध्यान? कह रहे थे जिस तरह लखनऊ पहुंच कर एक सांसद जी के साथ राहुल भैया ने दिखाया है अपना स्माईलिंग फेस? हम देखना चाहते हैं कुछ ऐसा ही गाजियाबाद में भी उनका संदेश? हम चाहते हैं वो इसी तरह के स्माईलिंग फेस के साथ दें जिला और महानगर अध्यक्ष के साथ भी दीदार? हम इस तरह की देखना चाहते हैं यहां पर बहार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में कमी से ही जनता को मिलेगी राहत : सिकंदर यादव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव ने कहा है कि आम आदमी की सबसे बड़ी जरूरत पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है, तो इसका लाभ आम जनता को भी मिलना चाहिए। यादव ने एक बयान में कहा, 'सरकार ने दूध और ब्रेड जैसी जरूरी खाने-पीने की चीजों पर से जीएसटी हटाकर एक अच्छा कदम उठाया है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जनता को असली राहत तब मिलेगी जब पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की कीमतें कम होंगी।'

उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है। अब देश की जनता सब कुछ समझने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बिहार चुनाव को देखते हुए और वोट बैंक हासिल करने के लिए ही कुछ सामान्य वस्तुओं पर जीएसटी दरें कम की हैं। सिकंदर यादव ने कहा कि सरकार का ध्यान पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की कीमतों को कम करने पर क्यों नहीं गया, जिससे सीधे तौर पर करोड़ों लोगों को फायदा होता? उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार को इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए और जनता को तुरंत राहत देनी चाहिए।

## जीएसटी संशोधन से व्यापारियों और आम जनता को मिली राहत : अजेंद्र चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर पंचायत प्रकोष्ठ भाजपा के सहसंयोजक, अजेंद्र चौधरी ने हाल ही में हुए जीएसटी संशोधनों का जोरदार स्वागत किया है। उन्होंने इन बदलावों को मोदी सरकार का एक ऐतिहासिक फैसला बताया, जिसका लाभ देश के हर वर्ग, खासकर व्यापारियों, किसानों और आम जनता को मिलेगा।

चौधरी ने कहा कि सरकार ने आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि प्रतिदिन इस्तेमाल होने वाली कई जरूरी चीजों पर जीएसटी की दर 12% से घटाकर 5% कर दी गई है। उनके अनुसार, यह फैसला देश की जनता को दिया गया एक बड़ा तोहफा है। अजेंद्र चौधरी ने आगे कहा कि इन बदलावों से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, और आम नागरिक आत्मनिर्भर बन सकेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये संशोधन भारत को आत्मनिर्भरता की राह पर और आगे ले जाएंगे।

## जीएसटी में कमी करके पीएम ने दिया दिवाली का अग्रिम उपहार : ओम दत्त कौशिक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा, पंडित ओम दत्त कौशिक एडवोकेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में जीएसटी दरों में की गई कटौती को एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से देश की जनता को महंगाई से बड़ी राहत मिलेगी।

पंडित कौशिक ने इस बदलाव का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया कि अब जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी को पूरी तरह से शून्य कर दिया गया है। इससे आम लोगों के लिए बीमा कराना और भी आसान और सस्ता हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जानकारी दी कि रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं पर से जीएसटी की दर को 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है। इस कटौती से सीधे तौर पर आम जनता को रोजमर्रा की खरीदारी में राहत मिलेगी। पंडित कौशिक ने विश्वास जताया कि इस तरह के जनहितकारी बदलाव देश के आर्थिक विकास को भी गति देंगे।

## जीएसटी में संशोधन से देश की इकोनॉमी को मिलेगी गति : वीरेंद्र सारस्वत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ गाजियाबाद के वीरेंद्र सारस्वत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जीएसटी में किए गए संशोधनों से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन बदलावों से देश का आर्थिक विकास होगा और हर नागरिक को इसका सीधा लाभ मिलेगा। सारस्वत ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी दरों में कमी करके यह साबित कर दिया है कि वे देश की जनता का पूरा ध्यान रखते हैं। उन्होंने इस कदम को सभी भारतवासियों का दिल जीतने वाला बताया। सारस्वत के अनुसार, प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत की पहचान एक 'विश्व गुरु' के रूप में स्थापित होगी।

## घरेलू सामान पर जीएसटी घटा, आम जनता को मिली राहत : जगदीश साधना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ भाजपा नेता, जगदीश साधना ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए बदलावों की सराहना करते हुए इसे देश की जनता के लिए एक बड़ा उपहार बताया है। साधना, जो उत्तर प्रदेश सरकार में पंजाबी अकादमी के सदस्य भी हैं, ने कहा कि घरेलू उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी को शून्य से पाँच प्रतिशत करने से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने जीएसटी को दो स्लैब में बाँटकर एक बहुत ही अच्छा कदम उठाया है। उनके मुताबिक, इस बदलाव से व्यापारी, आम जनता, किसान और युवा सहित समाज का हर वर्ग खुश है। साधना ने जोर देकर कहा कि इस कदम से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, और जनता को महंगाई से भी राहत मिलेगी। उन्होंने इस बदलाव को देश की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## जीएसटी दरों में कमी से मिलेगी देश की जनता को राहत : श्यामवीर चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य और गाजियाबाद के पूर्व मेयर प्रत्याशी, एडवोकेट श्यामवीर चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कमी का स्वागत किया है। उन्होंने इस फैसले को देश की जनता के लिए एक बड़ा तोहफा बताया है।

चौधरी ने कहा कि जीएसटी की दरें घटने से आम जनता को काफी राहत मिलेगी और यह निर्णय पूरी तरह से स्वागत योग्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में इन घटी हुई दरों का लाभ देश के हर नागरिक को मिलेगा। श्यामवीर चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि जीएसटी की दरों में कमी करके उन्होंने देशवासियों का दिल जीत लिया है। उनके अनुसार, यह फैसला सरकार की जनहितैषी सोच को दर्शाता है।

## जीएसटी पर केंद्र सरकार का ऐतिहासिक फैसला : लेखराज माहौर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र सरकार द्वारा भारत की आम जनता के पक्ष में जीएसटी की दरों में भारी कटौती की है। आम जनता को इसका सीधा-सीधा लाभ मिलेगा और परिवार के उपयोग में लाई जाने वाली रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं से परिवार के बजट में भारी कटौती होगी। आम आदमी और मध्यम वर्ग के परिवारों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा जीएसटी की दरों में स्वास्थ्य बीमा एवं जीवन बीमा जीएसटी हटाई गई है। इसका भी सीधा-सीधा लाभ भारत के आम नागरिक को मिलेगा और अब मध्यम परिवार अपने परिवार का अधिक से अधिक स्वास्थ्य व जीवन बीमा कर पाएंगे यह बहुत सराहनीय कदम केंद्र सरकार ने उठाया है। इससे आने वाले सभी त्योहार दशहरा दीपावली भाई दूज इत्यादि पर भारत की आम जनता को सीधा-सीधा लाभ मिलेगा। मैं केंद्र सरकार के इस साहसी कदम की सराहना करता हूं। हल्के वाहनों पेट्रोल और डीजल पर जीएसटी कम होने से भारत के मध्यम वर्ग को इसका सीधा-सीधा लाभ मिलेगा और आम व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर पाएगा। मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं।

## छोटे व बड़े उद्योगपति एवं आम जनमानस को मिलेगा जीएसटी कटौती का लाभ : महेन्द्र यादव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लिए गए एक बड़े फैसले से आम जनता को बड़ी राहत मिली है। सरकार ने जीएसटी दरों में कटौती और सुधारों पर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किए थे, जिस पर केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने सामूहिक रूप से सहमति जताई है। इस निर्णय का उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान बनाना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

किसे मिलेगा लाभ? : सरकार का कहना है कि जीएसटी दरों में किए गए इस बदलाव से समाज के हर वर्ग को फायदा होगा। विशेष रूप से, आम आदमी, किसानों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (टरटए२), मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को इससे सीधा लाभ मिलेगा। इन सुधारों से 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा मिलेगा, जिससे छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए काम करना और भी आसान हो जाएगा। यह फैसला उन लोगों के लिए बड़ी राहत है जो महंगाई से जूझ रहे हैं और यह अर्थव्यवस्था के लिए एक 'बूस्टर डोज' का काम कर सकता है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र को भी मिली सौगात

**करंट क्राइम।** इस फैसले का एक और महत्वपूर्ण पहलू फार्मा उद्योग से जुड़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में किए गए इन सुधारों से जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता और अधिक किफायती हो जाएगी, जिससे आम जनता को स्वास्थ्य संबंधी खर्चों में भी राहत मिलेगी। सरकार का यह कदम स्पष्ट रूप से आम जनता के हित में उठाए गए प्रयासों को दर्शाता है और यह सभी के लिए अत्यंत लाभदायक साबित हो सकता है।

## ऐतिहासिक जीएसटी सुधार से जनता और व्यापार जगत को मिलेगा लाभ : डॉ. सौरभ जायसवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में केंद्र सरकार ने कर ढांचे को सरल और पारदर्शी बनाते हुए ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब जीएसटी की केवल दो दरें होंगी : 5% और 18%, जबकि रोजमर्रा की वस्तुएं शून्य (0%) टैक्स पर उपलब्ध होंगी। लक्जरी व हानिकारक उत्पादों पर 40% टैक्स लगाया जाएगा। यह नया ढांचा 22 सितम्बर 2025 से लागू होगा।

भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. सौरभ जायसवाल ने इसे 'जनता का टैक्स सुधार' बताते हुए कहा कि यह फैसला उपभोग बढ़ाएगा, बाजार को मजबूती देगा और आत्मनिर्भर भारत को गति देगा। उन्होंने बताया कि दूध, पनीर, रोटी, जीवन बीमा व दवाइयाँ पूरी तरह टैक्स मुक्त हो गई हैं, जिससे आम परिवारों को सीधी राहत मिलेगी। वहीं, टीवी, एसी, वॉशिंग मशीन और सीमेंट सस्ते होने से घरेलू व निर्माण क्षेत्र को फायदा होगा। डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में लिया गया यह फैसला उद्योग जगत को नई ऊर्जा देगा और भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर और मजबूत करेगा।

## राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से पिलखुआ चेयरमैन विभु बंसल ने की शिष्टाचार भेंट



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से पिलखुआ नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सुनील बंसल ने प्रेरणादायी पुस्तक 'द रियल मोदी' विभु बंसल को भेंट की। विभु बंसल ने उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। भेंट के दौरान संगठनात्मक विषयों और जनसेवा के कार्यों पर चर्चा हुई।

## संजय त्यागी ने विधायक संजीव शर्मा संग शिक्षक दिवस पर वृक्षारोपण किया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षक दिवस पर भाजपा नेता संजय त्यागी ने अपने राजनीतिक गुरु विधायक संजीव शर्मा के साथ वृक्ष गुरु के नाम वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि विधायक संजीव शर्मा उनके राजनीतिक जीवन के मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत हैं। त्यागी ने बताया कि दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में उन्हें विधायक का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने सौभाग्य बताया।

## श्री ठाकुर बालिका विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक ज्ञान प्रकाश गोयल ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षाकाओं व प्रबंध समिति से शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि सभी इस विद्यालय को उन्नति व विकास के शिखर पर आगे बढ़ाएंगे। विद्यालय के अध्यक्ष एमएलसी दिनेश कुमार गोयल ने नवनिर्वाचित विद्यालय की कमेटी का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता तो बच्चे को जन्म ही देते हैं लेकिन एक शिक्षक कुम्हार की तरह से बच्चों में संस्कार डालते हैं। इनका महत्व कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल के साथ उप प्रबंधक अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष मोहित गुप्ता एवं सदस्य आलोक गर्ग, विपिन कंसल, अनिल कुमार गर्ग, शिवांग गर्ग, विभोर गोयल आदि उपस्थित थे। प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने कहा कि वह हर क्षेत्र में इस स्कूल को उच्च शिखर तक ले जाएगी। इस अवसर पर बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम करके सबका मन मोह लिया।

## पत्नी और ससुर के खिलाफ जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई कोर्ट के बाहर हमले का आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना बिसरख स्थित एप्पल रेजिडेंसी, शाहबेरी निवासी एक शख्स ने कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। रिपोर्ट में उन्होंने अपनी पत्नी पर ससुर के साथ मिलकर उन पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीडित मुशाहिद का कहना है कि 4 सितंबर को वे न्यायालय में तारीख पर आए थे। परिवार न्यायालय कोर्ट संख्या 4 में सुनवाई के बाद जैसे ही बाहर निकला तो वहां पहले से ही खडे ससुर गुलफाम, पत्नी परवीन और दो अन्य लोगों ने श्याम होटल के सामने उन पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके ससुर गुलफाम के हाथ में एक नुकीली चीज थी, जिससे उन पर हमला किया गया।

सभी ने लात घुसों और नुकीली चीज से मारपीट की। इससे वे बेहोश हो गए और आसपास के लोगों और वकीलों ने उन्हें बचाया। मुशाहिद ने कहा कि होश में आने पर उन्होंने 112 पर फोन किया। पहले भी ससुर और पत्नी ने उन पर हमला किया था।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।